दैनिक
क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
बर्षः- 03
अंकः-262
मुरादाबाद
11 January 2024
(Thursday)
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

संक्षिप्त समाचार

बेटे ने छात्रों के मुंह में की पेशाब... सिपाही पिता ने वीडियो बनाया; कुछ ऐसे शुरू हुई थी खुन्नस

कानपुर में अमानवीय हरकत सामने आई है। यहां पिटाई का बदला लेने के लिए एक दिन पहले एलआईयू सिपाही के बेटे ने दो छात्रों को बहाने से बुलाकर बेरहमी से पीटा था। सिपाही पर भी छात्र को पीटने का आरोप है। पुलिस ने 10 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। तीन को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। सिपाही को निलंबित कर दिया गया है।कानपुर में पिटाई का बदला लेने के लिए युवती के नाम की फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बना छात्रों को बुलाकर पीटने वाले एलआईयू सिपाही के बेटे ने अमानवीय हरकत भी की। सोमवार को इनोवा कार में बंधक बनाकर पीटने के बाद पीड़ितों के मुंह में पेशाब भी की थी। आरोप है कि मौके पर पहुंचे आरोपी युवक के सिपाही पिता ने भी पीड़ित को पीटा था और घटना का वीडियो भी बनाया था। पुलिस ने एलआईयू सिपाही और उसके बेटे समेत 10 लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास, अपहरण, अप्राकृतिक कृत्य की धारा में रिपोर्ट दर्ज की है। सिपाही समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया है। मुख्य आरोपी की पुलिस तलाश कर रही है। कल्याणपुर क्षेत्र के गूबा गार्डन निवासी आयुष द्विवेदी ने बताया कि कुछ दिन पहले दिव्यांशी पांडेय नाम की इंस्टाग्राम आईडी से उन्हें दोस्ती का मैसेज आया। इस पर बातचीत होने लगी। सोमवार को उसी आईडी से आयुष को सिविल लाइंस स्थित दूध बंगले के पीछे वाली गली में मिलने के लिए बुलाया गया। आयुष अपने दोस्त बिट्टू के साथ वहां पहुंचा तो एलआईयू सिपाही धमेंद्र यादव का बेटा हिमांशु यादव अपने साथी शुभम सोनकर, नंदू दुबे, रिषभ चौहान, रजत, मोहित, आयुष मिश्रा और दो अन्य लोगों के साथ वहां पहले से खड़ा था। हिमांशु ने साथियों के साथ असलहें के दम पर आयुष और उसके दोस्त बिट्टू को बंधक बनाकर कार से अगवा कर लिया। आरोपी उन्हें कोपरगंज रेलवे पटरी के पास ले गए और जमकर पीटा। जान से मारने की नीयत से कट्टे से फायरिंग की। गोली आयुष के कान के पास से निकल गई। इसके बाद आरोपियों ने आयुष के साथ अमानवीय कृत्य किया। उसके मुंह पर सभी ने एक-एक कर पेशाब किया।

आपके सपने ही मोदी का संकल्प, वाइब्रेंट गुजरात समिट में बोले प्रधानमंत्री मोदी



गुजरात में वाइब्रेंट गुजरात समित में पीएम मोदी ने संबोधित करते हुए कहा कि भारत को विकसित बनाने का हमारा लक्ष्य है, आपके सपने ही मोदी का संकल्प है। आज तेजी से बदलते हुए वर्ल्ड ऑर्डर में भारत विश्वमित्र की भूमिका में आगे बढ़ रहा है। आत्मनिर्भर भारत के लिए समृद्ध गुजरात की परिकल्पना के साथ वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट का पीएम मोदी ने उद्घाटन किया। इस दौरान यूएई के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान, चेक गणराज्य के प्रधानमंत्री पेट्र फियाला, मोजाम्बिक के राष्ट्रपति फिलिप जैसिंटो न्यूसी, तिमोर-लेस्ते के राष्ट्रपति जोस रामोस होर्टा समेत कई हस्तियों ने शिरकत की। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि कुछ समय पहले ही वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट को 20 साल पूरे हुए। बीते 20 वर्षों में इस समिट ने नए विचारों को प्लेटफॉर्म दिया है। इसने निवेश और रिटर्न के लिए गेटवे बनाए हैं। संबोधन के दौरान उन्होंने कहा कि वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट की इस बार की थीम है-गेटवे टू द फ्यूचर। 21वीं सदी की दुनिया का भविष्य हमारे साझे प्रयासों से ही उज्ज्वल बनेगा। भारत ने अपने जी20 अध्यक्षता के दौरान भी वैश्विक भविष्य के लिए एक रोडमैप दिया है। यूएई के राष्ट्रपति का आयोजन में आना खुशी की बात- पीएम वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि यूएई के राष्ट्रपति का इस आयोजन में शामिल होना हमारे लिए बहुत खुशी की बात है।

उनका मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होना बारत और यूएई के मजबूत होते आत्मीय संबंधों का प्रतीक है। आपके सपने ही मोदी का संकल्प है- पीएम मोदी वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत को विकसित बनाने का हमारा लक्ष्य है, आपके सपने ही मोदी का संकल्प है। आज तेजी से बदलते हुए वर्ल्ड ऑर्डर में भारत विश्वमित्र की भूमिका में आगे बढ़ रहा है। आज भारत ने विश्व को ये भरोसा दिया है कि हम साझा लक्ष्य तय कर सकते हैं, अपने लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। विश्व कल्याण के लिए भारत की प्रतिबद्धता, निष्ठा, प्रयास और भारत का परिश्रम आज की दुनिया को ज्यादा सुरक्षित और समृद्ध बना रहा है। दुनिया की टॉप तीन इकोनॉमी बनेगा भारत- पीएम मोदी वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, जबकि 10 साल पहले भारत 11वें स्थान पर था। आज दुनिया की हर प्रमुख रेटिंग एजेंसी का अनुमान है कि भारत अगले कुछ वर्षों में दुनिया की टॉप तीन इकोनॉमी में जाएगा। एक ऐसे समय में जब विश्व अनेक अनिश्चितताओं से घिरा हुआ है। तब भारत दुनिया में विश्वास की एक नई किरण बनकर उभरा है। भारत अगले 25 वर्षों के लक्ष्य पर काम कर रहा-पीएम मोदी पीएम मोदी ने कहा कि भारत की आजादी के 75 साल पूरे हुए हैं और अब भारत अगले 25 वर्षों के लक्ष्य पर काम कर रहा है। जब भारत अपनी आजादी के 100 वर्ष मनाएगा, तब तक हमने भारत को विकसित बनाने का लक्ष्य रखा है। यह 25 साल का कार्यकाल भारत का अमृतकाल है। इस अमृतकाल में यह पहला वाइब्रेंट गुजरात समिट हो रहा है, इसलिए इसका महत्व और बढ़ गया है।

बरेली पहुंचे सीएम योगी: राम मंदिर का मॉडल देकर मंत्रियों-सांसदों ने किया स्वागत, गूंजे जय श्रीराम के नारे

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दोपहर करीब एक बजे कार्यक्रम स्थल बरेली क्लब मैदान पहुंचे। यहां जनप्रतिनिधियों ने राम मंदिर का मॉडल और रामचरित मानस भेंट कर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने यहां बटन दबाकर कई योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को दोपहर एक बजे बरेली क्लब मैदान में जनसभा स्थल पर पहुंचे। मंच पर वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह, राज्यमंत्री अरुण कुमार, सांसद संतोष गंगवार, धर्मेंद्र कश्यप ने राम मंदिर का मॉडल देकर सीएम योगी का स्वागत किया। उन्हें गदा व रामचरित मानस भी भेंट की गई। मुख्यमंत्री ने बटन दबाकर 3405 करोड़ की विकास योजनाओं को जनता के लिए समर्पित किया। इसके बाद पीएम आवास योजना के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किए। पुष्पा देवी, लखपति देवी, प्रियंका कुमारी, शाहाना बेग, लक्ष्मी आशा व अन्य लाभार्थियों को मंच पर सहायता राशि दी गई। इस मौके पर बरेली की सेपक टकरा खिलाड़ी शिवानी और एथलीट अमन सिंह को सम्मानित किया गया। देश-विदेश में योगी जैसे नेता की डिमांड- खन्ना कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि आज जो भी बदलाव आ रहा है, उसके लिए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को श्रेय जाता है। प्रदेश की कानून व्यवस्था को देश ही नहीं दुनिया में सराहा जा रहा है। आर्थिक रूप से भी प्रदेश का ग्राफ ऊपर चढ़ा है। प्रति व्यक्ति आय बढ़ी है। खन्ना ने कहा कि देश-विदेश में योगी आदित्यनाथ जैसे नेता की डिमांड है। ऑस्ट्रेलिया में भी कोई घटना होती है तो वहां भी लोग कहते हैं योगी को हमें दे दो। इससे पहले मुख्यमंत्री के सामने सांसद संतोष गंगवार ने रबड़ फैक्टरी की जमीन का मालिकाना हक मिलने के बाद औद्योगिक इकाई लगाने की मांग उठाई। बरेली क्लब में जनसभा के बाद वह सर्किट हाउस में जनप्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे। यहां बीडीए उपाध्यक्ष नाथ कॉरिडोर से संबंधित अपना प्रस्तुतिकरण पेश करेंगे। सीएम योगी वन राज्यमंत्री अरुण सक्सेना के घर जाएंगे। शाम करीब छह बजे वह बरेली त्रिशूल एयरपोर्ट पहुंचकर वहां से लखनऊ रवाना होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामभक्तों के लिए बड़ा एलान किया है। बुधवार को बरेली पहुंच मुख्यमंत्री ने लोगों को अयोध्या आने के लिए न्योता दिया। कहा कि 22 जनवरी के बाद रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या आइए। विधायक सांसद के जरिए अयोध्या आइए। सारा खर्चा जनप्रतिनिधि उठाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक समय था जब अयोध्या नाम से कइयों को करंट लगता था। लोग अयोध्या का नाम लेने भी डरते थे, लेकिन आज पूरी दुनिया अयोध्या आना चाहती है। नये उतर प्रदेश में त्रेतायुगीन स्वरूप दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि एयर कनेक्टिविटी बढ़ाई गई है ताकि सम्मान से लोग आयेंगे, रामलला के दर्शन करेंगे। मुख्यमंत्री योगी बुधवार को दोपहर एक बजे बरेली क्लब मैदान में पहुंचे। उन्होंने यहां कई विकास योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इसके बाद जनसभा को संबोधित करते हुए लोगों को अयोध्या आने का निमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी लोगों को अयोध्या आना है, 22 जनवरी के बाद दर्शन के लिए आइए। विधायक और सांसद के जरिए अयोध्या आइए। सारा खर्चा जनप्रतिनिधि उठाएंगे। उन्होंने कहा कि 14 से 20 जनवरी तक स्वच्छता कार्यक्रम चलाएं। नगर, गांव घर को स्वच्छ कीजिए। जैसे दिवाली पर करते हैं। 16 जनवरी से राम नाम संकीर्तन कीजिए। 22 जनवरी को नगर नगर में भंडारा का आयोजन कीजिए। दीपोत्सव के जरिए नए भारत में सहयोग कीजिए। उन्होंने कहा कि हर नागरिक कर्तव्य है कि हर काम देश के नाम। पहले देश, फिर समाज, फिर परिवार और फिर व्यक्ति है। चहुंओर विकास हो रहा है- योगी मुख्यमंत्री ने नगर निगम चुनाव में जीत दिलाने के लिए बरेली की जनता का आभार ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि नगर निकाय चुनाव में आया था। स्मार्ट सिटी की सरकार में डबल इंजन के साथ ट्रिपल इंजन जोड़ने की जरूरत थी। जनता ने भरोसा जताया और उमेश गौतम को मेयर चुना। मुख्यमंत्री ने कहा कि चहुंओर विकास हो रहा है। वाराणसी, नोएडा में विकास होगा तो बरेली में भी विकास हो रहा है। वाराणसी में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर बना तो बरेली में भी नाथ नगरी कॉरिडोर बनाया जा रहा है।

अब कर्फ्यू नहीं, कांवड़ यात्रा निकलती है सीएम योगी ने कहा कि बरेली में कर्फ्यू के दौरान मेरा भी यहां आने का कार्यक्रम था। लेकिन आने नहीं दिया गया। कहा कि बरेली में अब जो कर्फ्यू लगाएगा, उसपर कर्फ्यू लगेगा। उन्होंने कहा कि पहले अलीगढ़, मुजफ्फरनगर, मुरादाबाद, रामपुर में कर्फ्यू लगते थे। अब कर्फ्यू नहीं लगता है। अब कावड़ यात्रा निकलती है। यही बदलता उत्तर प्रदेश है। उन्होंने कहा कि पहले बेटी स्कूल, बाजार नहीं जा पाती थी। क्योंकि जिनकी सरकार थी वे अपराधियों को सुरक्षा देते थे। लेकिन अब सब सुरक्षित हैं। देश में कहीं जाइए बताइए उत्तर प्रदेश से हूं तो लोग खुश होते हैं।

सपा विधायकों ने अखिलेश से की स्वामी प्रसाद मौर्य की शिकायत, सपा अध्यक्ष ने ये दिया जवाब

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि हमारा काम धर्म का नहीं है। हमारा काम गैर बराबरी दूर करने का है। उन्होंने स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा सनातन धर्म को लेकर की जा रही टिप्पणी पर भी चर्चा की।सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पार्टी नेताओं से कहा कि हमारा काम धर्म का नहीं है, गैर बराबरी दूर करने का है। हमारा रास्ता वही है जो बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर और डॉ. राम मनोहर लोहिया का था जिस पर चलकर नेताजी (मुलायम सिंह यादव) ने संघर्ष करना सिखाया। इस दौरान कई विधायकों ने उनसे स्वामी प्रसाद मौर्य की भी शिकायत की। इस पर अखिलेश यादव ने ऐसी बातें दोबारा न होने देने का आश्वासन दिया। सपा अध्यक्ष पार्टी नेताओं के साथ लोकसभा चुनाव 2024 की रणनीति पर चर्चा कर रहे थे।अखिलेश यादव ने संकेत दिया कि सपा अपने कई विधायकों को लोकसभा चुनाव में उतारेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को उतनी ही सीटें दी जाएंगी, जितने पर उसके पास जीतने वाले प्रत्याशी होंगे। अपने नेताओं को अखिलेश ने बेरोजगारी और महंगाई सरीखे आमजन के मुद्दों पर ही केंद्रित रहने की सलाह दी। मायावती के बारे में कही ये बातें- अखिलेश यादव ने कहा है कि मायावती उम्र में हमसे बड़ी हैं। वे बड़ी नेता हैं और हम सबको उनका सम्मान करना चाहिए।

कारसेवकों पर गोली चलाने का सरकार का फैसला सही था... स्वामी प्रसाद मौर्य ने फिर दिया विवादित बयान

सपा के कद्दावर नेता स्वामी प्रसाद मौर्य के बिगड़े बोल सामने आए हैं। कासगंज में उन्होंने कारसेवकों पर हुए गोलीकांड को सही ठहराया है। उन्होंने कहा कि तत्कालीन सरकार ने अमन चैन के लिए कारसेवकों पर गोली चलवाई थी। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने एक बार फिर विवादित बयान दिया है। स्वामी प्रसाद मौर्य ने कासगंज में कहा कि कारसेवकों पर तत्कालीन सरकार ने संविधान और कानून की रक्षा के लिए अराजक तत्वों पर देखते ही गोली मारने के आदेश दिए थे। उस समय तत्कालीन सरकार ने अपना कर्तव्य निभाया था। दरअसल, समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता स्वामी प्रसाद मौर्य मंगलवार को बौद्ध एकता समिति की ओर से गनेशपुर में आयोजित बौद्ध जन जागरूकता सम्मेलन में मौजूद लोगों को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिस समय कारसेवकों पर गोली चलवाने का आदेश जारी किया गया था, उस समय तत्कालीन सरकार अपने फर्ज को निभा रही थी। वह अपने कर्तव्य का पालन कर रही थी। समाजवादी पार्टी नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि जिस समय अयोध्या में राम मंदिर पर घटना घटी थी, वहां पर बिना किसी न्यायपालिका और प्रशासनिक के आदेश के बड़े पैमाने पर आराजतक तत्वों ने तोड़फोड़ कर दी थी। इस पर तत्कालीन सरकार ने संविधान और कानून की रक्षा के लिए, अमन और चैन कायम करने के लिए गोलियां चलवाई थीं।अब से 33 साल पहले सन् 1990 में अयोध्या के हनुमान गढ़ी जा रहे कारसेवकों पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाई गईं थीं। उस समय उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार थी, मुलायम सिंह यादव यूपी के मुख्यमंत्री थे। उन दिनों प्रशासन ने अयोध्या में कर्फ्यू लगाया हुआ था, इसके चलते श्रद्धालुओं को एंट्री नहीं दी जा रही था, लेकिन फिर भी साधु-संत अयोध्या की तरफ कूच कर रहे थे। बाबरी मस्जिद के 1.5 किलोमीटर के दायरे में पुलिस ने बैरिकेडिंग की हुई थी। इसी दौरान कारसेवकों की भीड़ बेकाबू हो गई थी। गोली लगने से पांच की हुई थी मौत- 30 अक्तूबर, 1990 को पहली बार कारसेवकों पर गोलियों चलीं। गोली लगने से पांच की मौत हो गई थी।

इसके बाद से अयोध्या से देशभर का माहौल गर्मा गया था। गोलीकांड के दो दिन बाद ही दो नवंबर को हजारों कारसेवक हनुमान गढ़ी के पास पहुंच गए। इस घटना के दो साल बाद छह दिसंबर, 1992 में विवादित ढांचे को गिरा दिया गया। सन् 1990 में हुए गोलीकांड के 23 साल बाद जुलाई 2013 में मुलायम सिंह ने एक बयान दिया था, इस बयान में उन्होंने कहा था कि उन्हें गोली चलवाने का अफसोस है, लेकिन उनके पास अन्य कोई विकल्प मौजूद नहीं था।

संपादकीय Editorial

Meaning of violent mob

The opposition often talks about dictatorial rule. He is deeply concerned about saving democracy and the Constitution, while both are extremely safe. The opposition has been calling the period of Prime Minister Modi as 'undeclared emergency'. Opposition leaders and the Chief Minister are rejecting the summon notices of the Enforcement Directorate (ED).

The opposition complains that the Modi government is using the investigating agencies as a weapon against opposition leaders, while several ruling-party Union ministers and chief ministers face serious allegations of scams. ED, CBI, Income Tax Department cannot raid them. Modi government wants to put opposition leaders in jail and deprive them of election campaign, so that BJP-NDA can win once again and form the government at the Centre. Of course, these allegations have their own logic, but the Supreme Court had rejected the collective arguments of the opposition that the investigating agencies were implicating the opposition in sponsored cases.

Actually this is the period of general elections, 2024. Elections are very close, hence the opposition alliance must also be brainstorming and discussing which model of politics, policy-making and governance should be presented before the voters! This question will also be for his consideration whether the rule of law is appropriate or should the crowd be used as a weapon? Is it constitutional to give protection to violent mobs and save them from the rule of law? In the North 24 Parganas region of West Bengal, on the instigation and instigation of a leader of the Trinamool Congress Party, a huge mob carried out a deadly attack on ED officers.

Should the same system of 'mob rule' model be followed in the country? Where is that leader who instigated hooliganism today? What action has the state police taken?

Why is Chief Minister Mamata Banerjee silent and unresponsive? Mamata herself has faced the brunt of violent politics and faced deadly attacks, as a result Bengal has given her a continued mandate of power. The question is why the same bloodshed is being carried out during her rule,

which she has endured to reach the post of Chief Minister? Violent confrontations and attacks have been witnessed repeatedly in Bengal. Be it Panchayat elections or raids by agencies to investigate scams, crowds of local supporters perform a naked dance of blood. Is Mamata in favor of such law and order? She has often been shouting about democracy, constitution and federal structure. What an empty contradiction?

Last Friday, the ED team was to raid the house of Trinamool leader Shahjahan Sheikh. Shaikh is accused of ration scam worth crores of rupees. He has snatched the food from the poor. His loyal supporters blocked the team's way, attacked vehicles, injured three officers with batons and iron rods.

He is undergoing treatment in the hospital. Those injured officers have also told that phone calls were made to the local police, but no help was received. The police reaction was completely cold.

Law and order has collapsed, this was the reaction of the ruling party and the state government. In fact, this attitude of the Trinamool government and its supporters in Bengal against the central investigating agencies is not new. This has got to stop.

Rajasthan Assembly Elections: What does the minister's defeat on Shrikaranpur seat indicate?

When elections were held on 199 seats out of 200 in Rajasthan Assembly elections, BJP won 115 seats and Congress won 69 seats. However, there was not much difference in the vote percentage of the two parties. BJP got 41.69 percent votes and 1,65,24,787 votes, while Congress got 39.53 percent votes and 1,56,67,947 votes. The Bharatiya Janata Party, which came to power in Rajasthan on December 3, 2023, had to face defeat by more than 11 thousand votes in Srikaranpur seat of Sriganganagar. After the coronation of Chief Minister Bhajan Lal Sharma, this election was being considered as the litmus test of the government. How much efforts the BJP was making to win this seat is evident from the fact that it had administered the oath of office to its candidate from Srikaranpur, Surendra Pal Singh TT, a week before the voting. Rajasthan BJP President CP Joshi may be talking about reviewing the reasons for the defeat, but the result of the election is definitely demoralizing for the BJP. After all, what direction are the voters pointing to by defeating the ruling party and the minister? Actually, the election on Srikaranpur seat was postponed after the death of Congress candidate Gurmeet Singh Kunnar. Playing the emotional card, Congress made Gurmeet Singh Kunnar's son Rupinder Singh Kunnar its candidate on this seat. Former minister Surendra Pal Singh was the TT candidate from BJP, who had earlier been a minister in the Vasundhara government. BJP was afraid that Congress might turn the tables by playing the emotional card, hence the party made Surendra Pal Singh TT a minister before the voting, so that a clear message goes to the public that it is not electing an MLA but a minister. That bet has backfired. When elections were held on 199 seats out of 200 in Rajasthan Assembly elections, BJP won 115 seats and Congress won 69 seats. However, there was not much difference in the vote percentage of the two parties. BJP got 41.69 percent votes and 1,65,24,787 votes, while Congress got 39.53 percent votes and 1,56,67,947 votes. Congress did not debunk the elections in the same manner as it did in the 2013 assembly elections, when the party was reduced to just 21 seats. This time he gave a tough fight to BJP. The enthusiasm of Congress has reached sky high due to the election results of Shrikaranpur and this is also reflected in the statement of former Chief Minister Ashok Gehlot. Gehlot has given a statement that the people of Shrikaranpur have defeated the pride of BJP. The public has taught a lesson to the BJP, which flouted the code of conduct and morality by making its candidate a minister during the elections. It is clear from Gehlot's statement that Congress is going to be very aggressive now. Now only a few days are left for the Kasabha elections. Rajasthan Assembly elections were also being called the semi-final of Lok Sabha elections, in which BJP won and showed that it is ready for Lok Sabha elections. The BJP, which has won all 25 seats in Rajasthan in the last two Lok Sabha elections, may face a tough fight from the Congress this time. This is clearly visible after looking at the election results of Srikaranpur seat. Perhaps this is the reason why Congress has already packed its bags for the Lok Sabha elections. Preparations for the Congress party have started. Looking at the figures in the assembly elections, it seems that Congress can give a tough competition to BJP on a dozen seats. Tonk-Sawaimadhopur, Dausa, Karauli-Dholpur, Sikar, Jhunjhunu, Nagaur, Kota, Dungarpur-Banswara, Jaipur Rural are such seats where Congress's position in the assembly elections has been good. Congress has given a clear indication that it will work harder on these seats. It is true that Congress got the benefit of playing the emotional card in Srikaranpur, but Bharatiya Janata Party definitely needs to introspect as to why the party lost despite the party candidate becoming a minister on Srikaranpur seat. Is this any indication of the public? What direction are the public trying to point before the Lok Sabha elections? Bharatiya Janata Party needs to seriously review the defeat of Shrikaranpur seat, because in democracy it is the people who can defeat whom and when.

The oldest Ram temple of North India which even the Ram devotees forgot

This Radhunath temple, built at the source of India's most sacred river Ganga, is several centuries older than the Raghunath temple built by the Dogra rulers of Jammu. This is a temple which is mentioned not only in the Puranas and the travelogue of the Chinese traveler Hiuen Tsang, but its authentic history is also recorded in the inscriptions of the temple complex and several centuries old copper plates of the ancient Panwar rulers of the Garhwal state. The symbol of faith of millions of Sanatan Dharma devotees in Ayodhya, the birthplace of Lord Ram, has taken shape in the form of a grand temple and now the doors are being awaited on 22nd January to open for darshan. But perhaps only a few among the crores of religious followers would know that apart from Ayodhya, the first and oldest Ram temple of North India is in Devprayag in Tehri district of Uttarakhand. This Radhunath temple, built at the source of India's most sacred river Ganga, is several centuries older than the Raghunath temple built by the Dogra rulers of Jammu. This is a temple which is mentioned not only in the Puranas and the travelogue of the Chinese traveler Hiuen Tsang, but its authentic history is also recorded in the inscriptions of the temple complex and several centuries old copper plates of the ancient Panwar rulers of the Garhwal state. ET Atkinson has even mentioned the Ramchandra temple at Almora in the Himalayan Gazetteer. But the irony is that no one can find any mention of these Ram temples of mythological times except the residents of Devprayag. The holy Ganga flows from the Raghunath temple itself - India's most sacred river Ganga originates from the confluence of Alaknanda and Bhagirathi rivers formed from many sacred streams of the Central Himalayas. There is a small historical and mythological town at this holy place which is known as Devprayag due to its religious importance. Due to the origin of Ganga and the Raghunath temple, from the religious point of view this Prayag (Sangam) is considered to be the most important among the Panch Prayags of Uttarakhand, befitting its name. This place is situated at a distance of 73 km from Rishikesh and at an altitude of about 830 meters from Samudrapal on the pilgrimage route to Badrinath Dham, one of the four highest Dhams of the country and Kedarnath Dham, one of the twelve Jyotirlingas of Lord Shiva in India and Nepal. Yet this holiest Raghunath temple is in need of political protection for its golden past. History is not in the folklore, in the inscriptions, Puranas and copper plates, the history of the temples is often based on folklore and the achievements of those temples are passed on from one generation to the next on the basis of folklore. But the history of Raghunath temple of Devprayag is not found in folklore but in four of the eighteen sacred Puranas, Padma Purana, Matsya Purana, Kurma Purana and Agni Purana. In this temple, there is a copper plate given to the then Garhwal King Jagatpal in Sambat 1512 i.e. 1456 AD to Shankar Bharti Krishna Bhatt for the headship of the temple, which has been preserved by the famous historians of Garhwal, Captain Shoorveer Singh and Dr. Yashwant Singh Kattouch. Whereas the history of the famous Raghunath temple of North India located in Jammu is less than 200 years old. The construction of that temple was started by Maharaja Gulab Singh in 1835 which was completed by Maharaja Ranveer Singh in 1860. A glimpse of the history of Garhwal is also found in the temple. It is believed that the temple was originally established by Adi Shankaracharya during the 8th century. Later it was expanded by the kings of Garhwal state. A copper plate related to donation by the 44th king Manshah after the 34th king Jagatpal of Panwar dynasty is also said to be present in the temple, which is believed to be of Sambat 1610 i.e. 1554. Manshah's death is believed to be in the year 1575. The bell donated to the temple by the 42nd king Sahajpal of the same dynasty is also found in the inscriptions of the temple. The inscriptions on the door and door frames of the temple dated 1664 show that the region was ruled by King Prithvipati Shah. King Jayakirti Shah, who ruled the region during the 1780s, ended his life in the temple because he was betrayed by his courtiers. The inscriptions located just behind the temple have the names of 19 people inscribed in Brahmi script, who are said to have taken water-samadhi at the Sangam here to attain heaven. Ram did penance to get rid of the guilt of killing a Brahmin - It is believed that Guru Shankar of Shyam Pal (722-782 AD), son of King Kanakpal of Panwar dynasty who came from Dharanagari, had constructed the temple peak using wood. The period of Guru Shankar and Adi Shankaracharya is of the eighth century. Due to the change in the shikhara of the temple during that period, there is a popular rumor that the temple was built by Shankaracharya. It is mentioned in Kedarkhand of "Skanda Purana" that after the war with Lankan ruler Ravana in Treta Yuga, Shri Ram did penance in Devprayag and established Vishveshwar Shivlingam to get rid of the guilt of killing Brahma. Ravana was considered not only a great warrior but also a great scholar. Also considered a Brahmin and an ascetic. It is believed that King Ramchandra's guru also lived at this place, which is called Vashishtha Cave. A mountain to the north of Ganga is considered to be the penance of King Dasharatha. Before the Mahabharata war, Pandavas had performed penance at this place. It is believed that sage Bharadwaja also performed penance at this place and became one of the seven holy sages, the Saptarishis. The statue of the archer Lord Raghunath ji is on granite in the central temple. There are many small temples of Badrinath, Adi Shankaracharya, Shiva, Sita and Hanuman around the temple. The central temple houses the idol of Raghunathji, a granite statue in standing posture. The central shrine has a deula, a conical roof over the sanctum. There are 101 stairs to reach the Singhdwar of the temple. There is a golden urn on the top of the main temple and a huge idol of Lord Rama in the sanctum sanctorum. The idol has ornaments on its feet and hands and a golden crown on its head. The statue has a bow and arrow in its hands and a shield around its waist. There is an idol of Sita on one side of the Lord and Lakshmana on the other side. According to historical documents, this temple was damaged by the earthquake that occurred during 1893. It is believed that the damaged temple was rebuilt by the then Gwalior King. Presently, the temple is maintained and managed by the Uttarakhand Tourism Development Board of the Government of Uttarakhand. It has not yet been registered in the UNESCO heritage list. There are ancient Ram temples elsewhere also in Uttarakhand. Apart from Devprayag, there are Ram temples in Uttarakhand which have been mentioned by E.T. Atkinson in Part-2 of the book "Gazetteer of Himalayan Districts". Atkinson, while mentioning the Ram temples at Ram Paduk in Almora and Uliagaon and Ramjani in Udaipur.

सीमा विवाद की आड़ में पुलिस के संरक्षण में फल-फूल रहा ई-कचरा कारोबार

मुरादाबाद- थाने के सीमा विवाद में ई-कचरा कारोबार खूब फल-फूल रहा है। हालांकि ई-कचरा जलाने से बड़े पैमाने पर पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है। लेकिन, न तो इसे लेकर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी गंभीर हैं और न प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी ही इस ओर ध्यान दे रहे हैं। ई-कचरा जलाने से महानगर में भी पर्यावरण को नुकसान हो रहा है। जिले के तीन थाना क्षेत्रों के कई स्थानों पर बड़े पैमाने ई-कचरा जलाने का कारोबार आज भी चल रहा है। पुलिस भी दूसरे थाना क्षेत्र का मामला बताकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेती है। जिले में महानगर के अलावा आसपास के कई थाना क्षेत्रों में ई-कचरा का कारोबार लंबे समय से चल रहा है। इससे प्रदेश सरकार की पर्यावरण संरक्षण की मुहिम को झटका लग रहा है। पुलिस के संरक्षण में ई-कचरे का कारोबार चल रहा है। ई-कचरा जलाने से पर्यावरण को तो नुकसान हो ही रहा है। इसके धुएं से आसपास के लोगों कों भी दिक्कत हो रही है। मुगलपुरा कोतवाली क्षेत्र के जामा मस्जिद पुल के उस पार उतरते ही नदी के क्षेत्रफल में बीचों-बीच कई जगह ई-कचरा जलाया जा रहा है। यहां तीन थानों नागफनी, मुगलपुरा और भोजपुर की सीमाएं एक-दूसरे से मिलती हैं। जबकि नदी के उस पार तीनों थाना क्षेत्रों में 6- 7 स्थानों पर ई-कचरा रात के अंधेरे में जलाया जा रहा है। ई-कचरा जलाने से इसका जहरीला धुआं हवा में घुलने से नदी के इस पार रहने वाले लोगों को सांस लेने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। दमा के मरीजों के लिए यह अधिक खतरनाक है। जामा मस्जिद पुल के इस पार नदी के क्षेत्रफल में बने मकानों में छोटे स्तर पर ई-कचरा जलाया जा रहा है। स्थानीय लोग कारोबारियों के खिलाफ कुछ बोलने से भी डर रहे हैं। कई लोग पत्र के माध्यम से पुलिस के उच्चाधिकारियों से शिकायत करते हैं। नदी के इस पार नवाबपुरा छड़ियों का मैदान और लालबाग मोहल्ले में रहने वाले लोगों को ई-कचरा के जहरीले धुएं के बीच सांस लेना मजबूरी है। इन मोहल्ले के रहने वालों ने कई बार मुगलपुरा कोतवाली और थाना नागफनी के प्रभारी से शिकायत की है। दोनों थाना प्रभारियों ने मामला नदी के उस पार का बताकर दूसरे थाने के ऊपर मामले को टाल दिया। ई-कचरा जलाने का कारोबार अगर कहीं चल रहा है तो कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई कर उसे बंद कराया जाएगा। थाना सीमा के बारे में थाना प्रभारियों से जानकारी की जाएगी। यदि ऐसा कुछ है तो और माध्यमों से कारोबारियों पकड़वाया जाएगा। इसमें किसी पुलिसकर्मी की संलिप्तता मिली तो उनके खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।- हेमराज मीना, एसएसपी

ठंड पर भारी है आंदोलित कर्मचारियों के हौसले

मुरादाबाद- पुरानी पेंशन बहाली सहित अन्य मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे उत्तरीय रेलवे मेंस यूनियन, नार्दन रेलवे मेंस यूनियन और राज्यकर्मचारी संयुक्त परिषद के सदस्य मौसम पर भारी पड़ रहे हैं। ठंड में कर्मचारी डीआरएम कार्यालय परिसर से रेलवे स्टेशन तक शोर मचा रहे हैं। सनसनाती हवा से बेपरवाह कर्मचारी बुलंद इरादों और जोरदार नारों से माहौल गर्म किए हुए हैं। रेलवे स्टेशन पर उरमू के मंडल मंत्री शलभ सिंह, शाखा अध्यक्ष राजपाल सिंह धरना की अगुवाई कर रहे हैं। यहां कर्मचारी सरकार को चेतावनी दे रहे हैं। मंडल मंत्री का कहना है कि सरकार कर्मचारियों की धैर्य की परीक्षा ले रही है। हम परिवार के भविष्य के साथ खिलवाड़ बर्दास्त नहीं करेंगे। मंडल रेल प्रबंध कार्यालय परिसर में बुधवार को नरमू और राज्यकर्मियों का समूह भूख हड़ताल पर बैठ गया। कर्मचारी नेता श्रीकांत यादव, कुंवर सुहेल खालिद, मंजू विष्ट, मनोज शर्मा, मंडल मंत्री राजेश चौबे, नफीस खान, संजय सत्संगी ने भूख हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों का हौसला बढ़ाया। वक्ताओं ने कहा कि सरकार अब हमें रोक नहीं सकती है। हम मांगों को लेकर रेल जाम तक करेंगे।

मौसम ने रोडवेज की तैयारियों पर पानी फेरा, खाली रहीं बिजनौर और संभल रूट की बसें



मुरादाबाद- नए साल में यात्रियों को सुगम और सुरक्षित यात्रा का दावा कर विभाग का खजाना भरने की रोडवेज की तैयारी धराशाई हो रही है। मंडल मुख्यालय के दोनों डिपो पर सुबह और शाम यात्रियों का टोंटा पड़ जा रहा है। बुधवार की सुबह मुरादाबाद डिपो से दिल्ली और देहरादून रूट के लिए यात्री तो आए लेकिन लखनऊ, बरेली, बिजनौर और संभल रूट की बसें खालीं हैं। रामनगर और हलद्वानी रूट की बसें भी पीतलनगरी डिपो पर खाली है। जानकार इसके पीछे मौसम को कारण बता रहे हैं। उत्तरांचल में मौसम और डराबना बना हुआ है। सनसनाती हवा और दिन और रात के तापमान में करीब-करीब समानता हो गयी है। इस वजह से यात्री घरों से निकलने से डर रहे हैं। रोडवेज में अनुबंधित बसों में यात्री सुविधा की कमी भी इस स्थित का बड़ा कारण मानी जा रही है। मुरादाबाद डिपो से मंगलवार की आधी रात तक कुल 2723 महिला यात्रियों ने बस की सेवा ली, जिसमें वरिष्ठ महिला यात्री 930 रहीं। सामान्य महिला यात्रियों की संख्या 1793 दर्ज की गयी जबकि, पुरुष यात्री 10867 रहे। मौसम की मार की वजह से वरिष्ठ पुरुष यात्री मात्र 1260 ही स्टेशन आए। डिपो से कुल सामान्य 9607 पुरुष यात्री बसों की यात्रा किए। 24 घंटे में कुल 13590 यात्रियों ने बस की सेवा ली। उधर, गर्मी के मौसम में दिल्ली और देहरादून रूट पर रोजाना इतने यात्री निकलते हैं।

कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी ,महानगर कांग्रेस कमेटी ने संयुक्त रूप से प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया

क्यूँ न लिखूँ सच
अज़हर अली

मुरादाबाद-जिला कलेक्ट्रेट मुरादाबाद में माननीय अजय राय अध्यक्ष उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी ,महानगर कांग्रेस कमेटी ने संयुक्त रूप से प्रदर्शन कर ज्ञापन दियाद्य श्री असलम खुर्शीद जिला अध्यक्ष ने प्रदर्शन करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश आज अपराध की दुनिया में नंबर वन है राष्ट्रीय आंकड़ों में सबसे ज्यादा महिला अपराध के मामले उत्तर प्रदेश में बढ़ रहे हैं जिसमें बड़ी तादाद में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी महिला अपराधों में सम्मिलित पाए जाते हैंद्य सत्ताधारी दल भाजपा अपने कार्यकर्ताओं को महिला के साथ अपराध करने के बावजूद सुरक्षित संरक्षित करती है इसलिए अपराधों में किसी प्रकार का कोई खौफ कानून का नहीं रहाद्य बीएचयू की छात्रा के साथ भाजपा आईटी सेल के 3 कार्यकर्ताओं ने गैंगरेप कियाद्य पूर्व में ऐसी घटनाएं सामने आ चुकी हैं भारतीय जनता पार्टी ऐसे अपराधियों के विरुद्ध भेदभाव करती है सामान रूप से बुलडोजर नहीं चलाती। राजनीतिक दुर्भावना से बहुत छोटे-छोटे मुकदमों में सरकार बुलडोजर चला देता है लेकिन भाजपा के बड़े अपराधियों को बचाने का पूरा प्रयास करती है जिसे कांग्रेस पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी।

अनुभव मल्होत्रा महानगर अध्यक्ष ने कहा उत्तर प्रदेश में 1.महिला सुरक्षा को सुनिश्चित किया जाए 2. वाराणसी की बेटियों की भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का नारा देने वाले प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी इस घटना के लिए देश की बेटियों से माफी मांगे 3 .माननीय अजय राय जी अध्यक्ष उत्तर प्रदेश कमेटी इस घटना पर दिए गए बयान/आवाज उठाने की दुर्भावना से अजय राय जी के विरुद्ध मुकदमे लिखे गए हैं उन मुकदमों तत्काल वापस लिया जाए। प्रदर्शन ज्ञापन में मुख्य रूप से असलम खुर्शीद जिलाअध्यक्ष, अनुभव मेहरोत्रा महानगर अध्यक्ष, अनूप दुबे ,इकराम कुरैशी पूर्व विधायक ,अनुराग शर्मा ,अफजल साबरी, भयंकर सिंह बौद्ध, असद मोलाई, विनोद गुम्बर ,राजेंद्र वाल्मीकि, सुधीर पाठक ,अमीरुल हसन जाफरी ,हाजी अकरम ,शहजाद खा, मोहम्मद नाजिम ,कामिल मंसूरी , डा 0सिराजुद्दीन अंसारी ,मोहतसिम मुख्तार ,शरीफ आजाद, दाऊद खान, एहसान खा ,आलोक सिंह ,शिशुपाल जाटव आनंद मोहन गुप्ता श्याम सरन एडवोकेट, वाहिद हुसैन ,गुड्डे भाई, बब्बन खान, आज जिला कांग्रेस कमेटी महानगर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

छापेमारी में मिला 200 टन आयोडाइज्ड नमक, गोदाम सील

सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के निर्देश पर टीम ने की कार्रवाई, नमक जब्त कर गोदाम सील किया, साढ़े तीन लाख रुपये है नमक की कीमत

मुरादाबाद- गलशहीद थाना क्षेत्र के अन्तर्गत रामपुर दोराहा के पास स्थित नमक गोदाम पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने छापेमारी की। सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन राजवंश प्रकाश श्रीवास्तव के निर्देश पर हुई छापेमारी में टीम को गोदाम में बिना लाइसेंस बिक्री के लिए रखा गया 200 टन आयोडाइज्ड नमक मिला। जिसे टीम ने जब्त कर गोदाम को सील कर दिया। बिना लाइसेंस खाद्य कारोबार कर रहे विक्रेता के खिलाफ कार्रवाई करने में टीम जुट गई। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी बागीश मणि त्रिपाठी के नेतृत्व में टीम ने गलशहीद थाने के अन्तर्गत रामपुर दोराहा स्थित हरपाल नगर के मैसर्स देवकीनंदन मनोज कुमार पर छापेमारी की। इस दौरान टीम को बिना लाइसेंस बिक्री के गोदाम में स्टॉक किए गए 200 टन आयोडाइज्ड नमक मिला। टीम की पूछताछ में खाद्य कारोबारी के पास इसका कोई लाइसेंस नहीं था। इस पर टीम ने नमक को जब्त कर गोदाम को अगले आदेश तक सील कर दिया। टीम की कार्रवाई से आसपास के दूसरे कारोबारियों में भी हड़कंप मच गया। सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा राजवंश प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया

कि मुख्य खाद्य सुरक्षा के नेतृत्व में टीम हुई इस कार्रवाई के दौरान मौके पर खाद्य कारोबारी रजत गुप्ता मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि जब्त किए गए नमक की बाजार में कीमत साढ़े तीन लाख रुपये है। विक्रेता के विरुद्ध अन्य कार्रवाई की जा रही है। गोदाम को सील कर दिया गया है।

प्रॉपर्टी डीलर की ताबड़तोड़ गोली मारकर हत्या, बदमाशों ने प्लाट में घेरकर मार डाला

मुरादाबाद- अमरोहा में प्रॉपर्टी डीलर की ताबड़तोड़ गोली मारकर हत्या करने का मामला सामने आया है। बाइक सवार बदमाशों ने प्लाट में घेरकर उसे मार डाला। गुस्साए परिजनों ने हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सड़क पर जाम लगा दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। अमरोहा के मंडी धनौरा थाना इलाके के गांव कुआं खेड़ा में प्रॉपर्टी डीलर रविंद्र उर्फ कलुआ (34) की बाइक सवार बदमाशों ने गोली मार कर हत्या कर दी। हत्यारोपी वारदात को अंजाम देकर मौके से भाग निकले। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। हत्यारोपियों ने चार से पांच गोली दागी। पुलिस ने घटनास्थल पर मैगजीन बरामद की है।उधर आक्रोशित परिजनों ने हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर रोड जमकर हंगामा किया। हत्या क्यों की गई, यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। मृतक बछरायूं थाना इलाके गांव मलेशिया का रहने वाला था। रविंद्र उर्फ कलुआ पुत्र सुरेंद्र सिंह की हत्या के बाद कोहराम मच गया है। परिजनों के मुताबिक, बुधवार की सुबह 8-50 बजे रविंद्र उर्फ कलुआ बाल कटवाने के लिए कुआं खेड़ा गांव गए थे। तभी बाइक सवार दो बदमाश वहां पहुंचे और फायरिंग शुरू कर दी। जैसे ही रविंद्र उर्फ कलुआ जान बचाकर वहां से भागे तो आरोपियों ने उन्हें थोड़ी दूर पर एक प्लाट में घेर लिया और गोली मारकर हत्या कर दी। आरोपियों ने ताबड़तोड़ चार से पांच गोली मारीं। जिससे रविंद्र उर्फ कलुआ की मौके पर मौत हो गई। वारदात को अंजाम देकर आरोपी मौके से भाग निकले। थोड़ी देर में घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। एएसपी राजीव कुमार सिंह ने मौका मुआयना किया। एसपी कुंवर अनुपम सिंह के निर्देश पर फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट की टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए। वहीं, मृतक रविंद्र उर्फ कलुआ के परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए और हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सड़क जाम कर दी। पुलिस आक्रोशित परिजनों को समझने का प्रयास कर रही है। हत्या के पीछे क्या कारण रहा है, यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। एएसपी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि हत्या आरोपियों का पता लगाया जा रहा है। जल्द ही घटना का पर्दाफाश किया जाएगा।

KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश . उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली ,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

जब कोई वाहन नहीं मिला तो प्रसूता को कंधे पर डालकर ले जाना पड़ा

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा मेडिकल कॉलेज में दोपहर में एमसीएच विंग के बाहर गर्भवती महिला को रेफर करने पर परिजनों में आक्रोश पनप गया। गर्भवती के परिजनों का कहना है सुबह से दोपहर तक सामान्य प्रसव कराने का आश्वासन देते रहे। दोपहर बाद गंभीर हालत बताकर आगरा रेफर कर दिया। यह लोग महिला को कंधे पर डालकर ले गए। गढ़िया सीलम निवासी छविराम ने बताया कि सुबह दस बजे वह अपनी पुत्रवधू रचना को प्रसव कराने के लिए मेडिकल कालेज में लेकर आए। चिकित्सकों ने पुत्रवधू का परीक्षण कर सामान्य प्रसव कराने का आश्वासन दिया। उनको कुछ देर इंतजार करने के लिए बताया। उसके बाद वह निश्चित होकर प्रसव होने का इंतजार करने लगे। इस दौरान चिकित्सकों ने प्रसूता की जांच भी कराई। दोपहर बाद महिला चिकित्सक ने हालत गंभीर बताकर उसे आगरा ले जाने के लिए कह दिया।

ससुर का कहना है कि यदि हालत ठीक नहीं थी तो सुबह से दोपहर तक यहां क्यो रखे रहे। दोपहर बाद खून में इन्फेक्शन होने की कहकर आगरा रेफर कर दिया। ससुर ने चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि यहां पर जब कोई वाहन नहीं मिला तो प्रसूता को कंधे पर डालकर ले जाना पड़ा। मेडिकल कॉलेज में भी होते हैं ऑपरेशन से प्रसव- गढ़िया सीलम की प्रसूता रचना को लेकर आई आशा ममता ने बताया कि मेडिकल कॉलेज में भी ऑपरेशन से प्रसव होते है। ऐसे में आगरा भेजने की क्या जरूरत है। सामान्य प्रसव नहीं हो सकता है तो यहां भी ऑपरेशन किया जा सकता है। ऐसा न कर चिकित्सक ने प्रसूता को आगरा ले जाने के लिए कह दिया। उससे परिजनों में नाराजगी है। चिकित्सक जांच में खून में इन्फेक्शन होने की बात बता रही हैं।

अमरकंटक नर्मदा जन्मोत्सव 15 , 16 एवं 17 फरवरी को तीन दिवसीय कार्यक्रम का होगा आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच
प्रदीप कुमार तिवारी

मां नर्मदा जी की उद्गम स्थली / पवित्र नगरी अमरकंटक में दिन सोमवार 08 जनवरी 2024 को जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में सर्किट हाउस के सभागार में सायं कालीन नर्मदा जन्मोत्सव के संबंध में एक बैठक आहुत की गई जिसमे 15 , 16 एवं 17 फरवरी 2024 को तीन दिवसीय अमरकंटक नर्मदा जन्मोत्सव को भव्य रूप से मनाए जाने हेतु आवश?यक तैयारियों तथा आयोजित कार्यक्रमों को बेहतर ढंग से सम्पादित करने के लिए जिला अनूपपुर कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ की अध्यक्षता में सर्किट हाऊस अमरकंटक के सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री तन्मय वशिष्ठ शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री शिवकुमार सिंह, नगर परिषद अमरकंटक के अध्यक्ष श्रीमती पार्वती उईके , उपाध्यक्ष श्री रज्जू सिंह नेताम , अनुविभागीय दण्डाधिकारी पुष्पराजगढ़ श्री दीपक पाण्डेय , एसडीओपी श्रीमती सोनाली गुप्ता , तहसीलदार श्री अनुपम पाण्डेय , जनपद पुष्पराजगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री के.के. सोनी , मुख्य नगरपालिका अधिकारी अमरकंटक श्री चैन सिंह परस्ते सहित अधिकारी , स्थानीय जनप्रतिनिधिगण , पत्रकार , मंदिरों के पुजारी तथा संतगण उपस्थित थे। बैठक में अनुविभागीय दण्डाधिकारी पुष्पराजगढ़ श्री दीपक पाण्डेय ने पूर्व वर्षों में आयोजित कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी। स्वच्छता सर्वेक्षण में अमरकंटक को नेशनल अवार्ड के लिए चयनित होने पर कलेक्टर ने दी बधाई स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 के तहत पवित्र नगरी अमरकंटक को नेशनल अवार्ड के लिए चयनित होने पर कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ ने अमरकंटक नगर परिषद , सफाई कर्मचारियो और अमरकंटक वासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी । उन्होंने कहा कि अमरकंटक की स्वच्छता को बनाए रखने के लिए सभी के सामूहिक प्रयास निरन्तर आवश?यक हैं । अमरकंटक नर्मदा जन्मोत्सव के लिए नागरिक स्वेच्छानुसार खाते में ऑनलाईन कर सकते हैं धनराशि का सहयोग अमरकंटक में 15 , 16 एवं 17 फरवरी 2024 को आयोजित किए जाने वाले तीन दिवसीय अमरकंटक नर्मदा जन्मोत्सव के सफल संचालन हेतु नागरिकों तथा श्रृद्धालुओं से आवश्यक सहयोग प्रदान करने की अपील की गई है ।

शामली में डाकघर की बिल्डिंग का निर्माण कार्य शुरू चल रहा था किराए की बिल्डिंग में काम

क्यूँ न लिखूँ सच
राकेश गुप्ता

शामली थाना भवन में आजादी के समय से ही किराए की बिल्डिंग में चल रहे डाकघर को अपना भवन मिल सकेगा पूर्व मंत्री सुरेश राणा के प्रयास से डाकघर को अपनी भूमि मिल गई है बिल्डिंग का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है देश की आजादी के समय से ही डाकघर किराए की भूमि में संचालित हो रहा था

दशक़ो तक मोहल्ला हाकिमान छत्ताबगला वे संचालित होने के पश्चात विगत 3 वर्षों से मोहल्ला खेल में किराए के मकान में डाकघर चला 3 वर्ष पूर्व मंत्री सुरेश राणा ने डाकघर के लिए जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया था डाकघर की भूमि पर निर्माण कार्य का श्री गणेश किया गया था निर्माण कंपनी के पीसी गर्ग ने बताया कि डाकघर की बिल्डिंग करीब 800 फीट में बनेगा इसमें एक रिकॉर्ड रूम पब्लिक हाल कार्यालय शौचालय और आगे लॉबी बनेगी व्यापारी देवेंद्र सिंघल राजेश कुमार प्रदीप कुमार विनय कुमार राजू सैनी सुशील कुमार पुष्प कुमार नंदन लाल आदि मौजूद रहे

अब गलत बिलिंग पर लगेगा अंकुश

क्यूँ न लिखूँ सच -निशाकांत शर्मा

एटा शहरी विद्युत उपभोक्ताओ को और बेहतर सुविधा देने के लिये गलत बिलिंग पर अंकुश लगाने के लिये विभाग ने अब ओसीआर बिलिंग की शुरुआत करदी है। आज अधिशाषी अभियंता एटा शहरीने शहर के विभिन्न स्थानों में बिलिंग सर्किल और डिवीजन इंचार्ज के साथ बिलिंग की शुरूआत करवाई और बिलिंग की स्थिति देखी अधिशाषी अभियंता ने बताया है कि ओसीआर बिलिंग मे उपभोक्ता के मीटर की फोटो खींचकर के बिल बनाने की प्रक्रिया जिसमें मीटर रीडर द्वारा मैन्युअल रीडिंग (मनमानी रीडिंग) नहीं डाली जा सकती है। अब बिलिंग एप के माध्यम मीटर में जो रीडिंग और डिमांड आ रही है उसको स्कैन किया जायेगा इसके उपरांत अपने आप उपभोक्ता का बिल बन जायेगा। बिलिंग सर्किल इंचार्ज ने बताया है कि नया ओसीआर बिलिंग एप सभी रीडरो को डाउनलोड करा दिया गया है एवं लगभग 50 प्रतिशत रीडरों को नई बिलिंग एप प्रक्रिया की ट्रेनिंग दे दी गई हैं कल तक शत प्रतिशत रीडरों को ट्रेनिंग दे दी जायेगी। अधिशाषी अभियन्ता ने इस प्रक्रिया के तहत बिलिंग मे बहुत बड़ा सुधार होगा रीडर अब घर बैठे बिल नही बना सकते हैं साइट पर पहुचकर मीटर स्कैन होकर ही बिल बनेगा जिससे स्टोर्ड रीडिंग पर भी अंकुश लग जायेगा।

गरीब व्यक्ति के जीवन में खुशहाली और जीवन स्तर में बदलाव लाना सरकार का उद्देश्य: सांसद शर्मा

क्यूँ न लिखूँ सच
घनश्याम ।प्रसाद शर्मा

गुनौर विधानसभा के ग्राम बड़वारा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद ग्रामवासियों से भेंट कर योजनाओं का लाभ लेने का किया आग्रह सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा है कि हर गरीब व्यक्ति के जीवन में खुशहाली और गरीब कल्याण की योजनाओं के जरिए जीवन स्तर में बदलाव लाना केंद्र व राज्य सरकार का उद्देश्य है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के जरिए प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी वाली गाड़ी गांव-गांव और घर-घर पहुंच रही है। इस दौरान संकल्पबद्ध तरीके से प्रत्येक नागरिकों तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचेगा। योजनाओं के लाभ से वंचित हितग्राही संकल्प यात्रा के शिविरों में पहुंचकर जरूर आवेदन दें और आसानी से योजनाओं का लाभ प्राप्त करें। सांसद श्री शर्मा मंगलवार को गुनौर विधानसभा की ग्राम पंचायत बड़वारा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर ग्रामीणजन से भेंट की और आवेदन प्रस्तुत कर विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया। सांसद ने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ विभिन्न विभागों के स्टॉल का अवलोकन भी किया। सांसद श्री शर्मा ने इस मौके पर कहा कि बड़ी संख्या में उपस्थित जनता के बीच स्वयं को पाकर सौभाग्यशाली हूं। इस दौरान उन्होंने जनता का अभिवादन कर कहा कि क्षेत्र की सभी जनहितैषी व विकास कार्यों की मांग पूर्ण की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश तरक्की की ओर अग्रसर है।सांसद श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा गत 17 सितम्बर को पीएम विश्वकर्मा योजना छोटे कारीगर व शिल्पकारों के कल्याण के लिए शुरू की गई है। विश्वकर्मा भाई बहनों को इस योजना का समयबद्ध तरीके से लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं और स्वसहायता समूह की बहनों के कल्याण के लिए भी मिशन के तहत कार्य किया जा रहा है। लाड़ली बहनों के खाते में 10 जनवरी को मिलने वाली 1250 रूपए आर्थिक सहायता राशि की 8वीं किश्त के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समूह की बहनों को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य है। कृषि क्षेत्र में उर्वरक छिड़काव की नई तकनीक की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि ड्रोन फ्लाइ के लिए बहनों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। ग्राम पंचायत की महिला सरपंच से ड्रोन दीदी बनने की इच्छुक महिलाओं से संपर्क व प्रशिक्षण के लिए चर्चा भी की। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया गया।

आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां भी हुईं। विभागीय अधिकारियों द्वारा विभाग की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एवं पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे, नगर परिषद अजयगढ़ की अध्यक्ष सीता गुप्ता, ग्राम पंचायत सरपंच सोनू प्रजापति सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर हरजिंदर सिंह, रामबिहारी चौरसिया, सतानंद गौतम, जयप्रकाश चतुर्वेदी, बब्लू पाठक, अंगद प्रजापति, सुशील त्रिपाठी इत्यादि उपस्थित रहे।

झाँसी रायकवार समाज महासभा प्रथम बैठक हुई संपन्न

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास

झाँसी जिले एसबीआई कैंप सिविल लाइन मीरा रायकवार की अध्यक्षता में एवं मुख्य चुनाव अधिकारी एवं मुख्यअतिथिय में नामांकन हेतु उनके निवास स्थान पर सीताराम रायकवार मुख्य चुनाव अधिकारी के मुख्य आतिथ्य में हुई।

जिसमें जिला अध्यक्ष के लिए 5 फॉर्म विके एवं महामंत्री के 3 कोषाध्यक्ष के लिए 2 बिके कौशल राकवार ने जिलाध्यक्ष के लिए प्रथम फॉर्म जमा किया।

इस अवसर पर सर्वश्री इंजी अशोक रायकवार डॉ सुभाष रायकवार गोविंद मिनी बी आर बटटि गुरु निषाद कैलाश नारायण राकवार मंगेश रायकवार मानिक लाल रायकवार राजकुमार प्रताप रायकवार बैटरी वाले राम रतन रायकवार सहित लगभग 40 लोग उपस्थित हुए

कार्यक्रम का सफल संचालन दोपहर 3-30 बजे तक श्री जेपी रायकवार आभार व्यक्त सुरेश चंद्र रायकवार पंडित जी भारत कश्यप के संयुक्त में आभार व्यक्त किया गया।

अयोध्या से आए अक्षत कलश को श्री राम मंदिर देवेंद्रनगर से जनता को निमंत्रण देने के लिए निकली गई फेरी

क्यूँ न लिखूँ सच
घनश्याम ।प्रसाद शर्मा

जैसा कि हम सभी को विदित है 22 जनवरी 2024 को 550 साल बाद रामलाल जी की प्रतिमा भव्य मंदिर अयोध्या में स्थापित होने जा रही है जिसके लिए पूरे देश के मंदिरों में 22 जनवरी को दिवाली उत्सव रूप में मनाने की तैयारी चल रही है इसी तारतम्य में देवेंद्रनगर श्री राम मंदिर से अयोध्या से आए हुए अक्षत कलश को लेकर राम भक्तों द्वारा नगर में ढोल नगाड़ों के साथ घर-घर कलश की आरती हुई साथ ही साथ राम भक्तों द्वारारामजी का छायाचित्र और चावल देकर घर-घर निमंत्रण दिया जा रहा है 22 जनवरी को मंदिर आने के साथ ही साथ यह भी बताया जा रहा है सभी राम भक्त अपने घर पर पांच-पांच दिए जलाएं ताकि जो हम हिंदुओं ने 550 वर्ष इंतजार किया है उसका अंतिम समय आ गया और हम सब 22 जनवरी को दिवाली के रूप में मनाए/

विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन सम्पन्न

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एंव राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण से प्राप्त एक्शन प्लान के अंतर्गत तथा माननीय अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण / जनपद न्यायाधीश, एटा के निर्देशानुसार आज दिनांक 09-01-2024 को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एटा के तत्वावधान में न्यायालय परिसर में स्थित ए0डी0आर0 सेन्टर व मीडिएशन सेन्टर पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन श्री कमालुद्दीन अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एटा द्वारा किया गया जिसमें उपस्थित आये वादकारीगणों की समस्याओं को सुना एवं उनसे वार्ता कर समझाया गया। ए0डी0आर0 व मध्यस्थता केन्द्र के सम्बन्ध में उन्हें विधिक जानकारियों के प्रति जागरूक किया गया। सचिव महोदय द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में आये हुए वादकारियों को बताया कि यदि कोई ऐसा पात्र वादकारी है जो विधिक सहायता लेना चाहता है वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से प्राप्त कर सकता है। मध्यस्थ श्री कन्हीलाल शर्मा द्वारा उपस्थित वादीकारीगणों को घरेरू हिंसा, देहज अधिनियम एवं पोक्सों एक्ट के बारे में विशेष जानकारी दी गयी। इस शिविर के आयोजन में मध्यस्थगण श्री कन्हीलाल, श्री नारायण जी पाण्डेय, श्री योगेश कुमार सक्सैना, श्रीमती डौली राघव, सुश्री महेन्द्रा वर्मन, अधिवक्तागण एवं वादकारीगण आदि उपस्थित रहे।

अपराधी बेखौप होकर दिन-प्रतिदिन अपराधों को अंजाम दे रहे है - कुमुद गंगवार

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा जिला कांग्रेस कार्यालय एटा पर प्रदेश महासचिव एटा लोकसभा कोर्डिनेटर कुमुद गंगवार ,प्रदेश सचिव एटा प्रभारी धर्मेंद्र लोधी एवं पूर्व सांसद श्री मती सत्याबहन ने प्रेस वार्ता मे कहा आपके सादर संज्ञान में लाना है कि आज पूरा प्रदेश अपराध की आग में जल रहा है। अपराधी बेखौप होकर दिन-प्रतिदिन अपराधों को अंजाम दे रहे हैं। वर्ष 2023 की एन0सी0आर0बी0 रिपोर्ट के आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश महिलाओं के प्रति अपराधों के मामलों में पहले स्थान पर है। इसी रिपोर्ट के अनुसार भारत में होने वाले अपराधों में 15 प्रतिशत अपराध उत्तर प्रदेश में होते हैं। महामहिम जी हालात कितने बदत्तर हो गये हैं इसे इससे ही समझा जा सकता है कि प्रधानमंत्री जी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में दिनांक 02 नवम्बर, 2023 को आई. आई.टी. बी.एच.यू. की छात्रा की तीन भाजपा के युवाओं द्वारा बेखौफ होकर जबरन गनप्वाइंट पर नग्न वीडियो बनायी गयी और उसके साथ दुष्कर्म किया गया। महामहिम जी दिनांक 05 नवम्बर, 2023 को सी.सी.टी.वी. फुटेज एवं 08 नवम्बर, 2023 को पीड़िता द्वारा भी उनकी पहचान कर लेने और आरोपियों की पुष्टि होने के बावजूद भाजपा द्वारा उन्हें बचाने की नीयत से मध्य प्रदेश चुनाव में भेज दिया गया। महामहिम जी आरोपियों की पहचान होने के बाद भी उनको गिरफ्तार करने में दो महीने क्यों लग गये, इस पर प्रश्नचिन्ह लगना स्वाभाविक है कि क्या 5 राज्यों में चुनाव के कारण भाजपा आरोपियों को बचा रही थी? अगर छात्रों और माननीय प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जी का इस मामले पर दबाव नहीं होता तो शायद ही आरोपी पकड़े जाते। महामहिम जी यह स्पष्ट रूप से संवेदनहीनता की पराकाष्ठा है और दुर्भाग्य तो यह है कि यह घटना भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी की है और इस घटना को अंजाम देने वाले भारतीय जनता पार्टी के ही पदाधिकारी रहे हैं।

एआरएम पर कार्रवाई के लिए शासन को पत्र

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा सीएमओ कार्यालय में गाड़ी का अनुबंध होने के बाद भी रोडवेज के एटा डिपो में बोलरो का अनुबंध कर उसके नाम पैसा निकलने के मामले में एआरएम फंस गए। एसडीएम की ओर से की गई जांच में शिकायत की पुष्टि हो गई। वहीं रोडवेज के रंग में डग्गामार बसों के संचालन में भी संलिप्ता का आरोप लगा है।

इन मामलों में दोषी मिलने पर जिला प्रशासन ने शासन को पत्र लिखकर कार्रवाई की संस्तुति की है। जैथरा निवासी सुनील कुमार की ओर से डीएम प्रेम रंजन सिंह को शिकायत की गई थी कि बोलेरो यूपी 82 एटी 1571 सीएमओ कार्यालय में अनुबंध पर चल रही है। इसी गाड़ी को एटा डिपो में एआरएम के लिए बताया गया। सुनील को यह जानकारी क्षेत्रीय प्रबंधक अलीगढ़ से जनसूचना अधिकार में दी गई थी। सूचना में एआरएम राजेश यादव पर बोलेरो यूपी 82 एटी 1571 का अनुबंध बताया है। यह गाड़ी एक अगस्त 2022 से 31 जुलाई 2025 तक निगम में अनुबंध है। इस बारे में डीएम से शिकायत की गई। शिकायत के बाद डीएम ने एसडीएम से जांच कराई। जांच में लगाए आरोप सहीं मिले। शासन को भेजे गए पत्र में बताया है कि जो वाहन सीएमओ कार्यालय में चल रहा है उसके बिलों को सत्यापित किया गया।

गाड़ी चलाने के बदले 30 हजार रुपये प्रतिमाह का भुगतान संबंधित फर्म को जाता रहा। इससे सरकारी पैसे को क्षति पहुंचाई गई। इसके अलावा रोडवेज बसों के रंग में चलने वाली 49 बसों पर कार्रवाई गठित टीम की ओर से की गई। इसमें नौ बसें रोडवेज बस स्टैंड के पास से सवारी भरते हुए पकड़ी गई। शासन को भेजी गई रिपोर्ट में बताया है कि इन बसों के संचालन के बारे में न तो अधिकारियों को बताया न ही कोई कार्रवाई की गई। ऐसे में एआरएम की संलिप्ता प्रतीत होने की संभावना व्यक्त की है। मालूम हो कि इस मामले का खुलासा 14 अक्तूबर 2023 के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया था। एआरएम पर कार्रवाई के लिए शासन को पत्र शिकायत मिलने पर एआरएम रोडवेज की जांच कराई गई थी। शिकायत में जो आरोप लगाए है वह जांच में सही मिले। कार्रवाई किए जाने के लिए शासन को पत्र लिखा गया है।- आलोक कुमार, एडीएम प्रशासन

बिजली विभाग द्वारा बिजली चोरी एवं बकाया राशि नही जमा करने बालो के खिलाफ न्यायालयीन कार्यवाही

क्यूँ न लिखूँ सच
विरेन्द्र तिवारी

मऊगंज। जिले में बिजली बिल नहीं जमा करने बाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन विच्छेद किये गए। और जिसके बाद बिल जमा किये बगैर अबैध रूप से बिजली का उपयोग करते पाए जाने पर लगभग 33 उपभोक्ताओं के खिलाफ न्यायालय मऊगंज से वारंट जारी जिसकी तामीली पुलिस विभाग द्वारा की जा रही है । बिजली चोरी के आरोप बिजली विभाग द्वारा मऊगंज न्यायालय में मामला पेश किया गया है जिसमे श्रीनाथ सिंह पिता स्व.सुखदेव सिंह ग्राम सगरा थाना लौर,दुर्गा पटेल पिता स्व. राम प्रगास पटेल ग्राम इटहा,



थाना लौर,राजा सिंह पिता स्व.यदुनाथ सिंह ग्राम गड़िहारी पांती थाना हनुमना,तेजसी गुप्ता पति दीनदयाल गुप्ता ग्राम खटखरी थाना शाहपुर, संतोष साकेत पिता छोटेलाल साकेत ग्राम नकटी थाना शाहपुर,देवनन्दन सिंह पिता स्व.तेजराज सिंह ग्राम पांती निमौही थाना हनुमना,मनोज पाठक पिता बालमुकुंद पाठक ग्राम दामोदरगढ़ थाना मऊगंज,रामानुज पटेल पिता जगदीश पटेल ग्राम पटेहरा थाना मऊगंज, हँसहराज पाण्डेय पिता स्व.राममणि पाण्डेय ग्राम पकरा थाना मऊगंज,राजेन्द्र सिंह पिता दलबीर सिंह ग्राम फूल बजरंग सिंह थाना मऊगंज,गणेश प्रसाद तिवारी पिता स्व.ब्रजभान तिवारी ग्राम उमरताल थाना लौर,शेख शहाबुद्दीन पिता शेख हकीमुद्दीन ग्राम टर्रा टोला थाना मऊगंज,बृजराज सिंह पिता स्व.आनन्द सिंह ग्राम खुझवा सुअरहा थाना लौर,इन्द्रपति पाण्डेय पिता सुखशरण पाण्डेय ग्राम नौढिया न.02 थाना लौर,छोटे खां पिता सरबर खां ग्राम मऊगंज थाना मऊगंज,बंशबहादुर सिंह पिता स्व.सुखदेव सिंह ग्राम देवरी शिवमंगल सिंह थाना मऊगंज,अमर बहादुर सिंह पिता सुखदेव सिंह ग्राम देवरी शिवमंगल सिंह थाना मऊगंज, राम बहादुर पटेल पिता बंशपती प्रसाद पटेल ग्राम भदउहा पांती थाना हनुमना,नरेन्द्र पाण्डेय पिता दशरथ प्रसाद पाण्डेय ग्राम व थाना लौर,रामकुमार पटेल तिवरिगवां मनबोध सिंह,महेन्द्र पटेल पिता बाल्मीक पटेल ग्राम इटहा गोपी टोला,बुद्धसेन पटेल पिता राजकुमार चिकवा बस स्टैण्ड मऊगंज,दुर्गा पटेल स्व.राम प्रगास पटेल ग्राम इटहा गोपी टोला थाना लौर जिला मऊगंज शामिल हैं।

स्कूल का खराब हैंडपंप महीनों से उगल रहा हवा, नहीं हो रही सुनवाई

क्यूँ न लिखूँ सच
विरेन्द्र तिवारी

मऊगंज जिले के हनुमना जनपद से ग्राम पंचायत बेमरा के शासकीय शासकीय प्राथमिक शाला बेमरा के स्कूल का हैंडपंप महीनों से खराब पड़ा है और पानी के बजाए हवा उगल रहा है। हनुमना जनपद अंतर्गत के इस स्कूल के हैंडपंप के खराब होने की शिकायत के बाद भी अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। जिसके कारण स्कूल में पढ़ रहे बच्चों को रोज पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। स्थिति ये है

कि शासकिय प्राथमिक शाला में बच्चों को पानी पीने के लिए एक हैंडपंप है जो कई महीनों से खराब पड़ा है जिसकी सूचना स्कूल के शिक्षकों द्वारा ग्राम पंचायत और अन्य संबंधित अधिकारियों को दे चुके हैं इसके बाद भी अभी तक बच्चों के पानी पीने का नल ठीक नहीं हुआ।

किशोरी को बुरी नीयत से दबोचने के आरोप में युवक व उसके परिजनों के खिलाफ लिखाई रिपोर्ट

क्यूँ न लिखूँ सच -लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ अकराबाद थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी ने थाने में लिखाई रिपोर्ट में कहां है कि मंगलवार की शाम समय करीब 8-00 बजे वह नल से पानी लेकर घर की तरफ जा रही थी तभी रास्ते में एक युवक ने पकड़ लिया और अश्लील हरकत करने लगा गंदी गंदी गालियां देने लगा तथा उसने किसी कारण बच बचाकर अपने घर पहुंची और अपने घर जाकर सारी बात बताई किशोरी के परिवार जान जब आरोपित के घर गए तो तभी आरोपित के घर वालों ने उसके साथ गंदी गंदी गालींया व जान से मारने की धमकी दी मामले के संबंध में थाना प्रभारी ऋषिपाल सिंह कसाना ने बताया है कि पिडिता की तहरीर पर आदिल व उसके परिजनों के खिलाफ मुक्तमा दर्ज कर कानूनी कारवाई की जा रही है।

अलीगढ़ हरदुआगंज के रायल होम्स में मकान में घुसा संदिग्ध युवक, चोरी का आरोप, हंगामा

क्यूँ न लिखूँ सच -लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ हरदुआगंज- तालानगरी के होम्स में तड़के मथुरा का संदिग्ध युवक घर में घुस गया। स्वजन की नजर पड़ी तो वह पड़ोस के घर की छत पर जाकर छिप गया। लोगों ने चोरी का आरोप लगाते हुए उसे पकड़ लिया। इसे लेकर करीब ढाई घंटा हंगामा हुआ। तालानगरी चौकी पुलिस ने तहरीर न आने का हवाला देकर युवक को छोड़ दिया। इससे लोग आक्रोशित हैं। तालानगरी के 65 बीघा कालोनी में मथुरा क्षेत्र का परिवार रहता है। मंगलवार सुबह युवक एक मकान में घुस आया। नजर पड़ते ही स्वजन ने चोर घुसने का शोर मचा दिया। इससे भीड़ जमा हो गई। संदिग्ध युवकं दूसरी छत पर कूद गया। भीड़ ने इसे घेरकर दबोच लिया। युवक ने अपना नाम मथुरा निवासी धीरज बताया। बाद में लोगों ने युवक को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस का कहना है कि युवक प्रेम प्रसंग में किसी युवती से मिलने आया था। तहरीर न आने की बात कहकर बिना कार्रवाई के उसे छोड़ दिया गया। लोगों का कहना था कि रायल होम्स में बीते माह ही चोरी की बड़ी वारदात हुई हैं। ऐसे में पुलिस के शिथिल रवैया ठीक नहीं है। यहां के कुलदीप सिंह का कहना है कि पुलिस युवक को शांतिभंग में पाबंद करने का अधिकार तो रखती थी। घंटों हंगामे व घेराबंदी कर भीड़ ने उसे पकड़ा और पुलिस ने बिना कार्रवाई छोड़ दिया। सीओ अतरौली अकमल खान का कहना है कि घटना संज्ञान में नहीं है। इसकी जांच कराई जाएगी।

अमानवीय कुकृत्य एवं मन मस्तिष्क को झकझोर कर रख देने वाली घटना

क्यूँ न लिखूँ सच
विरेन्द्र तिवारी

मऊगंज ज़िले के ग्राम टीपा बदौर की गिरुई घाटी में अमानवीय कुकृत्य एवं मन मस्तिष्क को झकझोर कर रख देने वाली घटना घटित हुई। गांव टीपा बदौर से गुजरने वाली बहेराडाबर से सीतापुर रोड के अंतर्गत आने वाले वन परिक्षेत्र गिरुई घाटी में सड़क किनारे पर बीती रात अज्ञात लोगों द्वारा अज्ञात वाहन से लगभग 9 बैल और 5 गायों को मारकर एवं मवेशियों के शरीर एवं पैरों को रस्सियों से बांधकर रोड पर ही फेंक दिया गया था। जिसमें 2 मवेशी घायल अवस्था में वहीं पर अर्धमृत अवस्था में तड़प रहे थे।

गौरतलब है कि आज सुबह लगभग साढ़े दस बजे जब मैं अपने घर से सीतापुर कुछ निजी कार्य वश जा रहा था तो रोड पर पड़े हुए उन मवेशियों की लाशों को देखकर हतप्रभ हो गया, और किंकर्तव्यविमूढ़ बना वहीं खड़ा रहा। फिर मैंने फ़ौरन दोनों जीवित मवेशियों को रस्सियों से खोल कर आजाद किया, एवं डीएम साहब मऊगंज श्री अजय श्रीवास्तव जी को फोन करके इस घटना से अवगत कराया एवं उनसे इस मामले में फौरी तौर पर संज्ञान लेकर कार्यवाही करवाने का

निर्देश किया। उपरोक्त घटनाक्रम के उपरांत कलेक्टर साहब के निर्देशानुसार कुछ ही देर में आदरणीय तहसीलदार सर श्री सौरभ मरावी जी घटनास्थल पर पहुंचे एवं उनके आदेश पर पूरा पुलिस महकमा जिसमें आदरणीय टीआई साहब श्री द्विवेदी जी, एसआई, एएसआई, आरआई, पटवारी सहित राजस्व विभाग के भी तमाम कर्मचारी फौरी तौर पर पहुंचे। साथ ही वन परिक्षेत्र होने की वजह से फारेस्ट गार्ड भी तैनात रहे। साथ ही हमारे जीआरएएस ग्राम पंचायत गढ़वा भी मौजूद रहे। तहसीलदार सर के मार्गदर्शन में क्षेत्रीय वेटर्नरी डाक्टर से मवेशियों का पीएम करवा कर उन्हें वहीं जंगल में ही गड़ढे खोदवाकर दफना दिया गया। एवं तहसीलदार सर ने वनकर्मियों सहित राजस्व विभाग के कर्मचारियों को सख्त हिदायत दी कि आप सभी इस मामले को सख्त संज्ञान में लेकर अपने अपने कार्य क्षेत्र में ढंग से ध्यान दें एवं आगे से हमें इस तरह की किसी भी प्रकार की दुर्घटनाओं को होने से रोकना है, और मवेशियों को उचित व्यवस्था करवाने हेतु कर्मचारियों को आदेश एवं हमें उचित आश्वासन दिया गया।

शासकीय प्राथमिक पाठशाला नगरहिया नाउन कला में विदाई समारोह का कार्यक्रम हुआ संपन्न

क्यूँ न लिखूँ सच
विरेन्द्र तिवारी

शासकीय प्राथमिक पाठशाला नगरहिया नाउन कला में विदाई समारोह विशिष्ट वरिष्ठ शिक्षक श्री कैलाश चंद्र चित्रिव जी की विदाई समारोह में मुख्य अतिथि वरिष्ठ सहायक शिक्षक श्री मुंद्रिका प्रसाद पांडेय जी ,माध्यमिक शिक्षा रूस नाउन कला प्रधानाध्यापक श्री राकेश मिश्रा जी, मुख्य वक्ता माध्यमिक शिक्षक श्री रामायण प्रसाद पांडेय जी, प्रधानाध्यापक श्री महेश प्रसाद पांडेय जी , श्री जयप्रकाश पांडेय , श्री राजेन्द्र लोधी , श्रीमती निर्मला मिश्रा ,श्री नरेंद्र प्रताप सिंह , श्रीमती रश्मि चित्रिव और गांव के सम्मानित जन विद्यालय के छात्र-छात्रा ,मुख्य आभार विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री अनिल प्रसाद पांडेय द्वारा किया गया कार्यक्रम का मंच संचालक श्री नीरज पांडेय द्वारा संपन्न हुआ विद्यालय परिवार श्री कैलाश चंद्र जी के उज्जवल भविष्य की कामना करता है ।

जिरौलीहीरासिंह में मारपीट चार के खिलाफ रिपोर्ट

क्यूँ न लिखूँ सच -लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ अकराबाद - गांव जिरौलीहीरासिंह में मामूली बात को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। गांव जिरौलीहीरासिंह निवासी अजीत पाल पुत्र बेनीराम ने थाने में लिखाई रिपोर्ट में कहा है कि समय करीब सात बजे उसका बेटा प्रशांत गांव के ही त्रिलोकी पुत्र अयोध्या प्रसाद की राशन की दुकान पर चीज लेने गया था। किसी बात को लेकर त्रिलोकी ने उसके बेटे के गाल पर चांटा मार दिया और गाली देने लगा। गाली देने से मना किया तो उसके साथ भी गाली गलौज करने लगा तभी उहके परिवार के अनिल व उमेश पुत्रगण सोनपाल और अन्य लोग आगए उसके साथ मारपीट करने लगे। शोरगुल की आवाज सुनकर उसका भतीजा भाला उसकी पत्नी बचाने आई इतने में ही त्रिलोकी के चाचा का लड़का धीरज पुत्र सुभाष ने ईठ उठाकर मेरे भतीजे भाला के सिर में मार दी मामले के संबंध में कोतवाली प्रभारी ऋषिपाल सिंह कसाना ने बताया है कि पीड़ित की तहरीर पर त्रिलोकी, अनिल, उमेश, धीरज आदि व्यक्तियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानून कारवाई की जा रही है।

राष्ट्रीय राजमार्ग 135 खटखरी में फ्लाई ओवर बनाए जाने के संबंध में

क्यूँ न लिखूँ सच -विरेन्द्र तिवारी

मऊगंज विधानसभा के वक्षस्थल खटखरी जो विधानसभा की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत है,यहां लगभग 1 किलोमीटर के क्षेत्र में सड़क के दोनों ओर व्यापारी बंधुओ द्वारा दुकान संचालित है,हायर सेकेंण्डरी एवं कन्या हाई स्कूल व लगभग 40 गांव की बाजार एवं प्रमुख बस स्टेशन होने के कारण आमजन का आना - जाना यहां बना रहता है जिससे बाजार में काफी भीड़ बनी रहती है भीड़ होने के कारण हर दूसरे तीसरे दिन सड़क दुर्घटना होती रहती है । अतः शासन एवं प्रशासन से निवेदन है कि सड़क दुर्घटना एवं जाम से आमजन को निजात मिले इस निमित्त खटखरी मुख्य बाजार के 1 किलोमीटर के परिक्षेत्र में फ्लाईओवर ब्रिज का निर्माण कराये जाने की महान कृपा की जाय ।

सट्टा से सैकड़ों घर बर्बाद तो माफिया लखपति

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास

झाँसी के मऊरानीपुर कोतवाली नगर व क्षेत्र में सट्टा का व्यापार इतना फल फूल रहा है जिस कारण सैकड़ों घर परिवार बर्बाद हो चुके और सट्टा माफिया जो पहले कर्जे में डूबे रहते थे वो आज करोड़पति नही तो लखपति जरूर बन गए है।आश्चर्य की बात तो यह है इस सट्टा के नंबरों में महिलाए भी बड़ी संख्या में भाग ले रही है और खेल के माध्यम से अपनी रकम को कई गुना करने के चक्कर में अपनी जमा पूंजी मिटा रही है।नगर शिवगंज, पुरानी मऊ,बजरिया,गोपालगंज,बड़ा बाजार पुलिस चौकी,बड़ा बाजार गांधी गंज,नई बस्ती,बस स्टेंड अंबेडकर तिराहे, गरोठा चौराहा सहित नगर का कोई ही ऐसा वार्ड होगा जहां प्रतिदिन

लाखो रुपए का सट्टा न खिलाया जाता हो और ऐसा नही है इस सब की भनक स्थानीय पुलिस प्रशासन को न हो वही सूत्रों की माने तो बिना कोई संरक्षण के सट्टा का खेल नही हो सकता। स्थिति यह है कि इस अवैध खेल से कर्ज के कारण कई लोग अपनी जान तक गवां चुके और कई युवा घर गृहस्थी का सामान बेच चुके है। इसके बाद भी इस खेल को बंद कराने में पुलिस असफल नजर आ रही और दिन प्रतिदिन सट्टे का व्यापार दूना रात चौगुना फल फूल रहा।

महिला को मारपीट करने के मामले में रिपोर्ट

क्यूँ न लिखूँ सच -लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ अकराबाद - गांव जुझारपुर निवासी एक महिला ने अपने साथ हुई मारपीट के मामले में परिवार की ही दो महिलाओं के खिलाफ पुलिस मैं रिपोर्ट दर्ज कराई है। गीता पत्नी जसवीर निवासी गांव जुझारपुर ने थाने में दी तहसीर में कहा है कि समय करीब आठ बजे अपने घर पर झाड़ू लगा रही थी तभी सास पुष्पा पत्नी हिरदेश व रीता पत्नी योगेश दोनों ने आकर मेरे उसके साथ मारपीट की जिससे उसके सिर व शरीर में काफी चोटें आई हैं। मामले के संबंध में थाना प्रभारी ऋषिपाल सिंह ने बताया है कि सास पुष्पा व रीता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कार्यवाही की जा रही है।

बढ़ते अपराधों पर अंकुश व महिलाओं की सुरक्षा की मांग को लेकर कांग्रेसियों ने दिया ज्ञापन

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास

झाँसी उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर बुधवार को शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश में बढते हुये अपराध रोकने, महिलाओ की सुरक्षा सुनिश्चित किये जाने एवं वाराणसी की दुष्कर्म की घटना पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय द्वारा दिये गये बयान पर उनके खिलाफ दर्ज किया गया मुकदमा वापिस लिये जाने की मांग को लेकर कांग्रेसियो ने महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा ।

ज्ञापन देने वालों में पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य, प्रदेश महासचिव राहुल रिछारिया, शहर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, इम्तियाज हुसैन, विवेक बाजपेई ,राजेन्द्र सिंह यादव, मुकेश अग्रवाल, नीता अग्रवाल,सरला भदौरिया, आशिया सिद्धिकी, अरविन्द बब्लू, अमीर चंद आर्य, छोटे राजा कमर,वीरेंद्र सिंह कुशवाहा, वैभव बट्टा, मजहर अली, शेखर नलवंशी, अशोक कन्सौरिया, सुरेन्द्र सिंह यादव,हरिओम श्रीवास, राजकुमार फौजी, अशोक कुमार कौशल, शफीक अहमद मुन्ना,प्रभुदयाल साहू,वीरेंद्र झां बंटी , रामसेवक ,रोवेश खान,प्रीति श्रीवास, सहीदा बेगम, राजेश रानी, हिना, फरीदा, सिद्धार्थ गौतम,अभिषेक कनौजिया,जीतू राजा,सचिन साहू , इमरान खान, जसवंत अनुरागी, दिनेश वर्मा, सोहेबआदि मौजूद रहें।

डीआईजी ने कार्यभार संभालते ही ली समीक्षा बैठक, पत्रकार वार्ता में बताई जिले में कानून व्यवस्था की प्राथमिकताएं

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास

झाँसी में कलानिधि नैथानी ने पदभार संभालते ही जिले के पुलिस अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक की। जिसमें जिले के पुलिस स्ट्रक्चर व कानून व्यवस्था का जायजा लिया। इसके पत्रकार वार्ता कर अपनी प्राथमिकताएं बताते हुए सरकार की मंशा अनुसार महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा के लिए मिशन शक्ति पर जोर, अपराधियों को सजा दिलाने के लिए ऑपरेशन कन्वैक्शन, सुरक्षा की दृष्टि से सभी हिस्ट्रीशीटर को खोलना,लंबित विवेचना के जल्द से जल्द निस्तारण होने पर ध्यान देना और पब्लिक और वादी के लिए संवेदी बने रहने आदि की बात कही। इसके साथ ही पुलिस को वादी व पब्लिक को सर्वोपरि रखने के लिए कहा कि जो कमजोर है, पीड़ित है, वादी हैं, उनके प्रति संवेदी बने रहे और थाना परिसर को भी स्वच्छ बनाए रखें।

जिरौली हीरा सिंह में घर-घर बांटे गए अयोध्या धाम से आए अक्षत व पत्रक

क्यूँ न लिखूँ सच
लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ अकराबाद ब्लाक क्षेत्र के गांव जिरौली हीरा सिंह में वुधवार को प्रत्येक घरों में अयोध्या से आये अक्षत, निमंत्रण पत्र व मंदिर की तस्वीर बांटे गयीं। सभी से 22 जनवरी को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन अपने-अपने घरों में भव्य दीपावली मनाने की अपील की गई। यह अभियान अकराबाद खण्ड संघचालक योगेन्द्रपाल सिंह के नेतृत्व में चलाया गया। योगेन्द्रपाल सिंह ने कहा कि हिंदू धर्मावलंबी सभी सनातनी अपने घरों में 22 जनवरी को अपने घरों पर भगवा ध्वज लगाए और उसका पूजन करें व संध्या बेला में दीपावली की तरह घर को सजाए।

रंगोली से जय श्रीराम अपने आंगन में लिखे और लाइटिंग के साथ पटाखे भी जलाएं। इस मौके पर भूपेन्द्र सिंह,गौरव सिंह,धीरज कुमार, विनोद कुमार,पप्पू सिंह , राकेश कुमार एवं बलवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

विकसित भारत संकल्प यात्रा और आगामी लोकसभा निर्वाचन पर भी हुई चर्चा

क्यूँ न लिखूँ सच -रामचंद्र जायसवाल

सूरजपुर- नव पदस्थ कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने ली समय सीमा बैठक। बैठक में उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को राज्य व केन्द्र सरकार के योजनाओं के आधार पर योजनाबद्ध तरीके से रणनीति बनाने के दिये आवश्यक दिशा निर्देश ताकि योजनाओं के क्रियान्वयन को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि आगामी विभागीय समीक्षा बैठकें कलेंडर आधारित होंगीं। जिसमें सभी विभाग के विभागाध्यक्ष को पूरी तैयारी के साथ सम्मलित होना है और विशेष रूप से सही आँकड़े सभी को प्रस्तुत करने हैं। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को अपने कार्यालय का निरीक्षण व अवलोकन करने के लिये निर्देशित किया ताकि कार्यालय की व्यवस्था में मूलभूत बदलाव आये और कार्यालय की दक्षता बेहतर हो। इसके साथ ही उन्होंने विभागों को अपने संबंधित सरकारी और गैर सरकारी विभागों के साथ समन्वय स्थापित करने को कहा ताकि विभाग से संबंधित सभी कार्य बिना किसी बाधा के निराकृत हों। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जन चौपाल के प्रकरण 15 दिन के भीतर ही निराकृत हों। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि जन चौपाल के प्रत्येक प्रकरण का समाधान स्थायी व समाधान कारक हो। इसके साथ ही उन्होंने जन चौपाल के प्रकरण के निराकरण पर रिमार्क भी उल्लेखित करने के लिए उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में विभाग वार जन चौपाल व जन शिकायत की समीक्षा भी की गई। बैठक में विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में भी चर्चा की गई। जिसमें कलेक्टर द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शासन की सभी पात्र हितग्राहियों को शिविर में ही लाभ मिल सके इस दिशा में अधिकारी कार्य करें। विकसित भारत संकल्प यात्रा में पहुंचे प्रत्येक व्यक्ति की करें हेल्थ स्क्रीनिंग। इसके साथ ही बैठक में आगामी लोकसभा निर्वाचन को लेकर चर्चा की गई। बैठक में सूरजपुर एसडीएम लक्ष्मण तिवारी (आईएएस), जिला पंचायत सीईओ सुश्री लीना कोसम, अपर कलेक्टर श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर, एडीएम नरेन्द्र पैकरा, संयुक्त कलेक्टर सुश्री प्रियंका वर्मा व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

लंबे समय से अनुपस्थित शिक्षकों के विरुद्ध बर्खास्तगी की कार्रवाई हुई प्रारंभ

क्यूँ न लिखूँ सच -रामचंद्र जायसवाल

सूरजपुर- शिक्षा विभाग के विभागीय बैठक में कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने विभाग में लंबे समय से अनुपस्थित शिक्षकों का ब्यौरा मांगा था और बिना किसी ठोस कारण अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों के ऊपर नियमानुसार ठोस कार्यवाही करने के निर्देश भी दिये थे। जिसके परिपालन में लंबे समय से अनुपस्थित शिक्षकों के विरुद्ध विभागीय जांच संस्थित कर बर्खास्तगी की कार्रवाई जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा प्रारंभ कर दी गई है। जिले के अंतर्गत विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को लंबे समय से अनुपस्थित शिक्षकों का प्रकरण तैयार कर प्रस्तुत करने का निर्देश जारी किया गया। जिससे लंबे समय से अनुपस्थित श्री गीता प्रसाद राजवाड़े, सहा. शिक्षक (एल.बी.) प्रा.शा. पण्डरीपानी करमपुर, वि.ख. सूरजपुर, श्री धनंजय राम, सहा. शिक्षक (एल.बी.) प्रा.शा. गंवटियापारा मोहनपुर, वि.ख. सूरजपुर, श्री समयलाल यादव, सहा. शिक्षक (एल.बी.) प्रा.शा. केशवपुर, वि.ख. रामानुजनगर, श्री राकेश सिंह, सहा. शिक्षक (एल.बी.) प्रा.शा. माझापारा तेजपुर, वि.ख. रामानुजनगर, कु. सुमिता कुजूर, सहा. शिक्षक (एल.बी.) प्रा.शा. खुटहनपारा तिवरागुड़ी वि.ख. रामानुजनगर, श्री मोहन सिंह, सहा. शिक्षक (एल.बी.) प्रा.शा. खोरखोरीपारा साल्ही, वि.ख. रामानुजनगर, श्री देव शरण राजवाड़े, सहा. शिक्षक (एल.बी.) प्रा.शा. कोड़ाकुपारा चन्द्रेली, वि.ख. प्रतापपुर, श्री मनोज कुमार सिंह, सहा. शिक्षक (एल.बी.) प्रा.शा. पलढा, वि.ख. प्रतापपुर, श्रीमती श्वेता मेश्राम, व्याख्याता पंचायत उ.मा.वि. लटोरी, वि.ख. सूरजपुर के 09 शिक्षकों के विरुद्ध में बर्खास्तगी की कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है।

शिविर में शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने एवं योजनाओं का लाभ लेने बड़ी संख्या में लोग पहुंचे

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

सूरजपुर - बिहारपुर=ओडगी विकास खण्ड के विशालपुर, विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने एवं योजनाओं का लाभ लेने बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। मोबाइल वैन के एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के संदेश का वाचन करने के साथ ही लघु चलचित्रों से विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्य की जानकारी आमजनों को दी गई।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत भारत सरकार की योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाने एवं शासन की लोक हितैषी योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से जिले के सभी जनपदों के निर्धारित स्थानों में कार्य योजना अनुसार सतत रूप से शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज विकासखंड ज.प. ओड़गी के पंचायतों एवं नगरीय निकाय क्षेत्रों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। विशालपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत हितग्राहियों द्वारा विभिन्न योजनाओं से मिले लाभ के संबंध में अपने अनुभव साझा करते हुए आमजनों को योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित किया एवं बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई। शिविरों में ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन, आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड, वन नेशन वन कार्ड, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, आधार अपडेशन, सस्ती व अच्छी जेनेरिक दवाई आदि की जानकारी देने के साथ योजनाओं से वंचित हितग्राहियों से आवेदन लिए गए। वहां उनकी समस्याओं का भी समाधान किया गया। शिविर स्थल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए कैम्प में बीपी, शुगर की जाँच तथा दवाइयां भी उपलब्ध कराई गई। गौरतलब है कि जिले के चिन्हित ग्राम

चौ.अवधपाल सिंह सिंह यादव पूर्व कैबिनेट मंत्री के जन्मदिन पर लगा निशुल्क रक्तदान शिविर

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं उत्तर प्रदेश की राजनीति में स्वच्छ एवं वेदाग राजनीति के प्रखर राजनीतिज्ञ पूर्व कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार चौधरी अवधपाल सिंह यादव के दसवें जन्म दिवस पर जनपद के प्रमुख समाजसेवी हिंदूवादी किसान नेता रंजीत कुमार उर्फ राजू आर्य के सौजन्य से शहर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर रविन कुमार यादव एमबीबीएस, एमएस, एफएमएएस, जनरल एण्ड लेप्रोस्कोपिक सर्जन,के सतीश मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल हिंदुस्तान लीवर के सामने कासगंज रोड एटा पर निशुल्क रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया ! उक्त अवसर पर रंजीत कुमार उर्फ राजूआर्य ने भी अपना रक्तदान करते हुऐ दूसरे जरूरत मन्द व्यक्ति को संजीवनी देने का संदेश दिया ! इस मौके पर डॉ. रविंन यादव,जितेंद्र यादव (बब्लू चौधरी), कृष्णकांत यादव (कीशू) ,प्रदीप यादव, विपिन यादव प्रधान अल्हेपुर आदि ने चौधरी अवधपाल सिंह यादव पूर्व कैबिनेट मंत्री को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनकी लंबी आयु की कामना की है।

राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का हुआ समापन

क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल

सूरजपुर- शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्दरई की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गोद ग्राम पेन्डरखी में 3 से 9 जनवरी तक आयोजित सात दिवसीय विशेष ग्रामीण शिविर का समापन मंगलवार को किया गया। समापन समारोह क्षेत्र के जनपद पंचायत सदस्य लीलू प्रसाद गुप्ता के मुख्य आतिथ्य व बागेश्वरी सिंह सरपंच ग्राम पेन्डरखी की अध्यक्षता तथा ग्राम के गणमान्य नागरिक की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं रासेयो व युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात रासेयो स्वयंसेवकों द्वारा लक्ष्य गीत, स्वागत नृत्य व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई । कार्यक्रम अधिकारी राजीव कुमार सिंह द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। विशेष शिविर के दौरान ग्राम में स्वास्थ्य एवं नेत्र चिकित्सा शिविर पशु चिकित्सा शिविर नशा मुक्ति रैली चबूतरा निर्माण ग्राम के सार्वजनिक स्थलों की व अमृत सरोवर की साफ सफाई ,पर्यावरण संरक्षण सहित अनेक समाज समाजोपयोगी का कार्य भी किए गए। स्वयंसेवकों के व्यक्तित्व विकास हेतु पी.टी., परेड, योगा, एवं बौद्धिक सत्रों , रासेयो खेल सहित संध्या कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लीलू गुप्ता ने कहा कि देश के विकास पर युवाओं का सबसे महत्वपूर्ण भूमिका है। भारत की आत्मा गांवों में निवास करती है। इसलिए गांव के समृद्धि बहुत आवश्यक है। उन्होंने युवाओं को अच्छे समाज के निर्माण में कार्य करने की अपील की। श्रीमती बागेश्वरी सिंह ने कहा कि नशा हमारे विकास का सबसे बड़ा बाधक है उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहते हुए समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान देने का आह्वान किया। सात दिवसीय विशेष शिविर नशा मुक्त समाज के लिए युवा थीम पर आधारित था जिसमें स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक, मशाल रैली, गीत स्लोगन आदि माध्यमों से ग्राम के लोंगो को नशे से दूर रहने की अपील की। शिविर अनुभव शिविर नायक पंकज प्रजापति ,अंजू सिंह व यमुना ने प्रस्तुत किया । शिविर में सम्मिलित प्रतिभागियों को ग्राम के सरपंच द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ स्वयंसेवक मानिकचंद सारथी ने वह आभार प्रदर्शन सहायक कार्यक्रम अधिकारी उर्मिला सिंह ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य इलिना एक्का सरपंच प्रतिनिधि परमेश्वर सिंह शिक्षक अरुण द्विवेदी, अरूण सिंह, मंजू प्रसाद, वंदना मिश्रा ,पूनम ,अलका मिंज, लीलावती राजवाड़े, सुनीता यादव सहित रासेयो स्वयंसेवक सोन कुमारी, सनिता, चांदनी, सावित्री, शंकर देवांगन, पंकज प्रजापति, अनिरुद्ध सिंह, सुमेधा, गुलाबी, गरिमा, अनिल, मोनिका, प्रमोद, सिकंदर, आर्यन, ओमप्रकाश, जगदेव, नीरज, जयनाथ, चन्दा, सुनिधि, सरिता, मनीषा, पद्मावती शशिकला, कुसुम, सोन कुंवर, सुनिता, खुषबू यादव, देवनंदन, दुजेन्दर, मृगेंद्र, रीति, देवती, देविका, डॉली सहित अन्य स्वयंसेवकों व ग्रामीणजनों का योगदान सराहनीय रहा।

संविदा कर्मचारियों के नियमितिकरण की मांग को लेकर मुख्यमंत्री जी ने दिलाया भरोसा- होगा संविदा कर्मचारियों के साथ न्याय

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

सूरजपुर - आज सूरजपुर जिले के ग्राम पंचायत जमदेई में छत्तीसगढ़ सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ सूरजपुर के द्वारा माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी से भेंट कर छत्तीसगढ़ के समस्त (राज्य एवं केंद्रीय योजनाओं में कार्यरत) संविदा कर्मचारियों को नियमित करते हुए नौकरी सुरक्षा के भय एवं समस्याओं के संबंध में ज्ञापन देते हुए सर्वप्रथम उनको भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर बधाई देते हुए नियमितिकरण सहित अन्य मांगों से अवगत कराया गया। जिसमें माननीय मुख्यमंत्री जी का सकारात्मक जवाब आया उन्होंने ज्ञापन को पढ़कर कहा कि हमारी सरकार में आप सभी के साथ न्याय होगा। आपको अवगत होगा कि छत्तीसगढ़ में 45000 संविदा कर्मचारी लम्बे समय से अपनी मांगो को लेकर संघर्षरत है। पिछली सरकार से निराश एवं हताश होने के फलस्वरुप वर्तमान सरकार से काफी उम्मीदे है। इस संबंध में दिनांक 09 जनवरी 2024 को छत्तीसगढ़ सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ सूरजपुर के द्वारा माननीय मुख्यमंत्री जी से सौजन्य भेंट कर अपनी समास्याओं एवं मांगों से अवगत कराया गया एवं माननीय मुख्यमंत्री जी के सकारात्मक जवाब से सभी संविदा कर्मचारियों में उम्मीद एवं उत्साह की एक लहर जागृत हुई है कि जल्द से जल्द वर्तमान सरकार के द्वारा उनके पक्ष में निर्णायक पहल किया जावेगा। जिसमें प्रमुख रूप से संविदा कर्मचारी संघ के जिला संयोजक ज्ञानेंद्र सिंह, जिला संरक्षक मनीष सिन्हा (विशेष योगदान रहा), महिला जिला अध्यक्ष मिली रानी कर, जिला अध्यक्ष सुनील गुप्ता, मीडिया प्रभारी गणेश प्रसाद, जिला कार्यकारी अध्यक्ष बृजलाल पटेल, कोषाध्यक्ष अनिल दास, उपाध्यक्ष अमित सिंह, अजय मिश्रा, अभिषेक सिंह, आकाश गुप्ता, मुकेश कुमार महतो, राजेश किण्डो, भुपेन्द्र बैरागी, श्रीमती गीता सिंह, श्रीमती बिसनी राजवाड़े, स्वर्ण मिंज, नगीना सिंह एवं समस्त संविदा अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर व सूरजपुर एसडीएम ने अवलोकन के दिन ही तक्षशिला मेधा परिसर (जिला ग्रंथालय) की ली सदस्यता

क्यूँ न लिखूँ सच -रामचंद्र जायसवाल

सूरजपुर- पदभार ग्रहण करने के दूसरे दिन ही कलेक्टर श्री रोहित व्यास तक्षशिला मेधा परिसर (जिला ग्रंथालय) का अवलोकन करने पहुंचे थे। जहां कलेक्टर व सूरजपुर एसडीएम के द्वारा अवलोकन के दिन ही तक्षशिला मेधा परिसर (जिला ग्रंथालय) में सदस्यता ली गई। इस अवसर पर उन्होंने लाइब्रेरी के संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों से चर्चा कर लाइब्रेरी की वस्तु स्थिति की जानकारी भी प्राप्त की। जिले के बीचों-बीच स्थित इस सर्व सुविधा युक्त लाइब्रेरी की चर्चा आज उन्होंने समय सीमा की बैठक में भी की। उन्होंने ने बताया कि सभी विषय से संबंधित किताबें उपलब्ध है। जिसमें सामान्य ज्ञान, प्रतियोगी परीक्षा, साहित्य एवं कहानी इत्यादि सम्मिलित है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को कहा कि यदि वो अपने खाली समय में लाइब्रेरी में रखी किताबों का उपयोग करेंगे तो उनके ज्ञान में संवर्धन होगा साथ ही साथ उनके समय का भी सदुपयोग होगा। कलेक्टर के शब्दो से प्रेरित होकर कई जिला स्तरीय अधिकारियों ने लाइब्रेरी की सदस्यता के लिए फॉर्म लिए है और ज्ञान संवर्धन के लिए इसे एक अच्छी पहल बताया है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद की प्रक्रिया को किया गया निरस्त

क्यूँ न लिखूँ सच -रामचंद्र जायसवाल

सूरजपुर- एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना सूरजपुर अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र पुराना बाजारपारा भगत सिंह वार्ड न.07, वल्लभ भाई पटेल वार्ड खालपारा वार्ड न. 14 में रिक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद एवं मौलाना आजाद वार्ड न. 02 महगंवा खासपारा में ऑगनबाड़ी सहायिका पद को पीआईसी बैठक 29 दिसम्बर को कार्यालय नगरपालिका परिषद् सूरजपुर द्वारा नियुक्ति प्रक्रिया को निरस्त करते हुए, नये सिरे से नई गाईड लाईन का पालन करते हुए नियुक्ति प्रक्रिया प्रारम्भ करने का निर्णय सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया हैं।

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शिक्षार्थियों को शपथ दिलाकर मतदान के लिए किया गया प्रेरित

क्यूँ न लिखूँ सच -रामचंद्र जायसवाल

सूरजपुर- पार्वती इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रेनिंग रिसर्च एण्ड मैनेजमेंट, शिक्षा महाविद्यालय मदनपुर सिलफिली के बी.एड. प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षार्थियों को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मास्टर ट्रेनर सहा. प्राध्यापक श्री संतोष कुमार रानाडे के द्वारा वोटर आईडी, रजिस्ट्रेशन वोटर हेल्पलाइन एप, मतदाता रजिस्टर में नये मतदाता के रूप में जुड़ने के फॉर्म - 6 विलोपन के लिए फॉर्म -7, संशोधन के लिए फॉर्म शिक्षार्थियों को मतदान की शपथ दिलाकर मतदान में बढ़चढ़ कर भाग लेने तथा दूसरों को प्रेरित करने के लिए संस्था में अध्ययनरत् प्रशिक्षणार्थियों को वोटर हेल्पलाइन मोबइल एप डाउनलोड कराया गया। इस कार्यक्रम में संस्था के प्रभारी प्राचार्य श्रीमती प्रीति सोनी एवं सभी सहा. प्राध्यापक श्रीमती जयमाला सिंह, श्री उपेन्द्र रवि, श्री अरुण दुबे, श्रीमती प्रियांशु यादव, श्रीमती अपराजिता कैवर्त्त, श्रीमती निशा गुप्ता, उपस्थित रहे।

महाविद्यालय सूरजपुर में 2 दिवसीय कार्यक्रम का हुआ आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच -रामचंद्र जायसवाल

सूरजपुर- शासकीय रेवती रमण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 09 से 10 जनवरी 2024 को दो दिवसीय वाईड पे साइनस लेक्चर एवं पोस्टर कॉम्पीटिशन आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम नेचर बेस्ट सालुशनस फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स विषय पर आधारित था। यह कार्यकम छत्तीसगढ़ काउंसिल ऑफ साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी रायपुर द्वारा प्रायोजित किया गया। 09 जनवरी को पोस्टर कॉम्पिटिशन किया गया। जिसमें 133 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया एवं 10 जनवरी को दो विषय विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिया गया। प्रथम विषय विशेषज्ञ डॉ. जोयस्तु दत्ता सहायक प्राध्यापक पर्यावरण विज्ञान यू.टी.डी. संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय अंबिकापुर एवं द्वितीय विषय विशेषज्ञ डॉ धनंजय पाण्डेय सहायक प्राध्यापक वनस्पतिशास्त्र शासकीय कन्या महाविद्यालय सूरजपुर ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एच. एन. दुबे के निर्देशन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के सी कास्ट के कोऑर्डिनेटर एवं सहायक प्राध्यापक श्री टी. आर. राहंगडाले द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में सुश्री प्रतिभा कश्यप श्री सीबी मिश्र डी. रश्मि पाण्डेय, डॉ विकेश कुमार आ. श्री संदीप कुमार सोनी, डॉ चंदन कुमार डॉ विनोद कुमार साहू, डॉ सलीम किस्पोट्टा श्री अनिल चक्रधारी थी दीपचंद एक्का, भी बुचलाल साहू की सुप्रिया तिवारी, श्री दिव्यादित्य सिन्हा, श्री मुकेश कुमार साहू, श्री अमन सिंह ने

राजकीय जिला कृषि एवं औद्योगिक विकास प्रदर्शनी का भव्य शुभारंभ 12 जनवरी को

क्यूँ न लिखूँ सच -निशाकांत शर्मा

अपर जिलाधिकारी प्रशासन/प्रभारी अधिकारी प्रदर्शनी आलोक कुमार ने सूचित किया है कि शहर के जीटी रोड सैनिक पड़ाव मैंदान में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी राजकीय जिला कृषि एवं औद्योगिक विकास प्रदर्शनी 2024 का आयोजन 12 जनवरी से 11 फरवरी 2024 तक किया जाना प्रस्तावित है। प्रभारी अधिकारी प्रदर्शनी ने बताया कि प्रदर्शनी के भव्य पण्डाल में 12 जनवरी शुक्रवार को प्रात: 11 बजे हवन पूजन एवं शाम 07 बजे दीप प्रज्वलन, लेजर शो के साथ भव्य शुभारंभ किया जाएगा। प्रदर्शनी में 12 जनवरी से 19 जनवरी तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की सूची जारी कर दी गई। शीघ्र ही आगामी कार्यक्रमों के संबंध में सूचना जारी की जाएगी। प्रदर्शनी में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग कर प्रदर्शनी का आनंद लें। इस बार प्रदर्शनी में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने हेतु संबंधित विभागों द्वारा स्टॉल भी लगाए जा रहे हैं।

These 5 adventurous activities are famous in Lakshadweep, include them in your bucket list immediately.

These days, India is a beautiful island in the news. Yes, we are talking about Lakshadweep where PM Modi had visited recently. There are many exciting activities famous to enjoy here. In this article, we will tell you about some such adventurous activities, after knowing

which you will not delay in including them in your bucket list. Without adventurous activities, the fun of the trip to Lakshadweep will remain dull. This island is in no way less than foreign countries. This island is the best place to visit for nature lovers. Lakshadweep, one of the most beautiful union territories of India, is in the news these days. Recently, Prime Minister Narendra Modi was seen enjoying snorkeling during his visit here. Obviously, without adventurous activities the fun of any trip remains dull. In such a situation, we will tell you about some activities to be done on Lakshadweep in this article. If the flavor of adventure is added along with the natural beauty of this island, then the fun of the trip will be doubled. When PM Modi explored the beautiful beaches here, he also gave an advice to the adventure lovers on his social media, in which he said, "Lakshadweep should definitely be in the list of those who like adventure." Let us know what are some of those adventurous activities, after knowing which you will not be able to stop yourself from including them in your bucket list. Enjoy snorkelling - People who are interested in seeing the beauty of the sea, they will find this Must try activity. Provided that you are fit and do not have any medical complications. In this you will be able to see the view of marine life. Let us tell you, it is very much liked by the tourists. You can choose any package according to your budget to enjoy this water activity. scuba diving will be memorable - Be it a family trip or a couple, you can enjoy scuba diving in Lakshadweep. You will find arrangements for this exciting sport in the resorts here. In this activity, the beautiful world hidden under the sea is felt very closely. Kayaking is best for beginners – This is a water adventure in which even beginners can participate. The experience of kayaking in the clear water here will be very interesting, while doing which you will not be satisfied. Fishing enthusiasts also have fun (Fishing)- Many people are fond of fishing. If you also like it, then Lakshadweep is no less than a paradise for you. Believe me, it will be very adventurous and fun for you. You will not be able to forget the fun of Parasailing - Although this activity is done in many places of the country, but its fun will be doubled in the diamond clean waters of Lakshadweep. You can enjoy the thrilling experience of sea skiing through jet boat and steam. Due to the clean water, this activity is done at many places here, in which you will get a chance to see the beautiful views of the beach and the surrounding areas.

These nutrients are very important in the first trimester of pregnancy, know from experts how to include them in the diet.

Pregnancy is a very important and pleasant moment for a woman. During this time they have to face many physical and mental changes. Besides, during this time they also have to take special care of their health. In such a situation, it is important to take proper care of your diet during this period. Let us know from experts about some important nutrients – Pregnancy is

a very important stage for a woman. During this period, women have to take special care of their diet. In such a situation, learn from experts about the essential nutrients in the first trimester. Becoming a mother is every woman's dream. This is a very pleasant feeling, which almost every woman experiences in her life. A woman goes through many stages in her life. Pregnancy is one of these, which is pleasant but also very difficult. A woman also has to face many problems during pregnancy. In such a situation, it is very important to eat right to take special care of yourself and your unborn child. In this sequence, nutritionist Lavneet Batra recently shared a video on her social media account about the essential nutrients during the first trimester of pregnancy. There is information about. Let us know from the experts which nutrients should be included in your diet during this period. Protein Power- Be sure to include protein in your diet during pregnancy. This nutrient is very important for the better development of your child. In such a situation, try to include 60 grams of protein in your diet daily. For this you can eat lean meat, dairy products, beans and dry fruits. Energy intake- When you are pregnant, the calorie needs of your body increase. Especially in the later quarters. In such a situation, to maintain full energy in your body, include such food items in your diet, which are helpful in increasing your energy. Folic Acid-Folic acid is one of the most essential nutrients during pregnancy. This is a game-changer for your baby's neural tube development. In such a situation, to fulfill this requirement, you can make leafy greens, oranges and fortified cereals a part of your diet. DHA Omega-3 – Foods rich in Omega-3 like salmon, nuts and seeds are very important for the brain development of the baby. Keep in mind that proper nutrition in your first trimester lays the foundation for a healthy pregnancy. Stay hydrated – If you are pregnant, your body will now need extra fluids. In such a situation, do not let there be any shortage of water in your body and for good hydration, include regular water intake, hydrating fruits and vegetables and herbal tea in your routine.

The relationship between husband and wife also needs recharging from time to time, otherwise the distance may increase.

The news of divorce of celebrities after many years of marriage is really shocking that if the compatibility of the partners is checked within a year or two, then how can they live with each other for so many years. One reason for this could be boredom in the relationship, so if you are also feeling this boredom, then remove it in this way. Remove the boredom in the relationship in this way. Ways to maintain love and charm in a relationship. Bollywood actress Isha Koppikar, who was a part of films like 'Krishna Cottage', '36 China Town' and 'Don', separated from her husband after 14 years of marriage. Both Isha and her husband Timmy Narang have not given the reason for divorce, but the decision of separation after so many years of marriage seems a bit strange. Well, she is not the first such actress, it includes Aamir Khan-Kiran Rao (15 years), Sohail Khana-Seema Sajhed years), Dia Mirza-Sahil Sanga (11 Jessia (21 years) and others. Many (24 years), Arjun Rampal-Meher to maintain the same charm in your names are also included. If you want marriage, then it is important to keep relationship with the passing years of to time. Remember the old times - If recharging your relationship from time your relationship, then instead of you too have started feeling bored in talk to him. Tell them what things hiding this thing from your partner, earlier, we used to go on dates, are missing in the relationship. Like time for each other. Take time to relive surprise each other, loved taking out can be made happening again. Plan those things. With this the relationship This is a very good way to charge the a trip- Plan a trip somewhere together. live that time, which has now relationship. While travelling, you re- us time, not me - No doubt, it is disappeared from your life. Take out a relationship, but after a while, important to give each other space in couples should focus more on us time than me. If not more, then at least drink tea together, go to a movie or dinner together on weekends. The easiest and most fun way is cooking together in the kitchen. Find different ways to spend time together. Who maintain the thrill and love of the relationship.

Sushmita Sen is coming to take out her claws for the last time, teaser of 'Arya 3 Last War' released with release date.

Sushmita Sen Aarya 3 Antim Vaar The new teaser of Sushmita Sen's web series Aarya Season 3 has been released on Monday i.e. 8th January. This 20 second teaser shows some glimpses of the first part and the second part. This season started in the year 2020. Which is now going to end in the year 2024. Sushmita Sen made her OTT debut in the year 2020 with the web

series 'Arya'. Sushmita's debut was very successful and people liked her action avatar. After this, season 2 of Arya was released in 2021. The first part of the third season came out in November last year. Now the last part of the last season of this crime series is about to be released, the date of which has been released along with the teaser. The second part of the last season has been named - 'Arya Final Vaar'. Complete information about what is there in this teaser and when the last part's episodes will be released is being given in this news. Amazing teaser of 'Arya Last War' - The new teaser of Sushmita Sen's web series Arya Season 3 was released on 8 January. This 20 second teaser shows some glimpses of the first part and the second part. At the same time, glimpses of some new seasons are also being seen, in which Sushmita Sen is seen fighting with her enemies with a sword. Not only this, Sushmita is also seen getting shot. During this the actress falls on the floor. Along with this, excellent dialogues are also heard in the voice of the actress. She says, 'The beginning of the story was not in my hands. It was only me who had to end it, but I had not thought that the end would be like this. When will the second part of Arya 3 be released? - The final attack of 'Arya' season 3 is going to be released on Disney + Hotstar on 9th February. Once again, we will see Sushmita in a ferocious avatar doing powerful action. While sharing the teaser, it is written in the caption, Before taking my last breath, my claws will definitely come out one last time. What is the story and star cast of the show?- In the last part, Sushmita as Arya will be seen fighting with her enemies. It is a remake of the Dutch series Penoja. Arya, who joins the drugs syndicate to save her children, transforms from a housewife to a mafia. The show is directed by Sandeep Modi and Vinod Rawat along with Ram Madhvani. Apart from Sushmita, Sikandar Kher, Ankur Bhatia and Vikas Kumar are in important roles in the show.

Ranbir Kapoor's actress Konkona Sen is fed up with this bad habit, said- "Now I want to leave it"

Killer Soup actress Konkona Sen Sharma is busy these days promoting her upcoming web series Killer Soup. The actress will be seen with actor Manoj Bajpayee in this series. During this time, Konkana Sen has said a big thing about eliminating one of her bad habits. Let us

know what is that bad habit of Konkana Sen. Konkana Sen Sharma is worried about this bad habit of hers. The actress will be seen in the web series 'Killer Soup'. The actress has been seen in this film with Ranbir Kapoor. Konkana Sen Sharma, who will be seen in the web series 'Killer Soup' with Manoj Bajpayee, is a veteran of the industry. She is included among the actresses. Currently, Konkona Sen is busy in the promotion of 'Killer Soup', during which the actress has revealed about one of her bad habits and asked her to leave it. In such a situation, let us know in this article which bad habit has been mentioned by Ranbir Kapoor's 'Wake Up Sid' film actress Konkana. Konkana Sen Sharma is worried about this bad habit of hers - These days Konkana Sen Sharma and Manoj Bajpayee Naam is continuously making headlines for the web series 'Killer Soup'. During the promotion of the series, the actress is often making one new revelation or the other. Recently, Konkana Sen Sharma has given a latest interview to Times of India. During this, Konkana was asked a question about one of her bad habits, on which the actress said - "Talk about one of my bad habits. If that is done then it is like smoking a cigarette. Although I do not smoke in much quantity, still I do not want this bad habit of mine anymore and want to leave it at any cost." Apart from this, Konkana Sen Sharma also tried to remove the worst phase from her life. When asked about this, the 'Killer Soup' actress told that she wants to remove the time from her life when she was on bed rest for 3 months. This period was one of the worst periods of his life. 'Killer Soup' will be released on this day - After watching the trailer of Manoj Bajpayee and Konkona Sen Sharma's upcoming web series 'Killer Soup', fans are eagerly waiting for this series. If we look at the release date of this web series, Killer Soup will be released online on the famous OTT platform Netflix on January 11.

Kerala school students danced vigorously on this song of Dunki, copied Shah Rukh Khan's signature step

Shah Rukh Khan Dunki Shah Rukh Khan's film Dunki has entertained the audience a lot in theatres. The story and songs of this film have also won the hearts of the fans. Meanwhile, a latest video of students of an arts school in Kerala has surfaced on social media in which they are seen dancing on Donkey's song Loot Putt Gaya. Students danced fiercely on this song of

'Dinky'. 'Loot Put Gaya' became the first choice of fans on YouTube. Shahrukh Khan's song became the first choice of the fans. The fans of the film 'Dinky', directed by director Rajkumar Hirani, liked it very much. From theaters to box office, this movie of Shahrukh Khan has entertained the audience a lot. As wonderful as the story of Donkey was, its songs were even more popular. Meanwhile, a latest video of the students of Kerala's Arts School has surfaced on social media, in which they are dancing on the popular song 'Loot Putt Gaya' of this film. Students are seen dancing vigorously on this song of 'Dinky' - The craze for Shahrukh Khan's films and his songs is often seen among the fans. The same situation has happened with King Khan's film 'Dinky'. Especially the song 'Lut Put Gaya' of this film is currently the first choice of the fans and as a dancing song, this song is currently making waves on social media. Meanwhile, a latest from Shah Rukh Khan's fan page. The video has been shared on X account. In this video, some students of Kerala's Arts School are seen dancing vigorously on Donkey's song 'Lut Put Gaya'. These students are seen in the costumes of their culture and copying the signature moves of Shah Rukh Khan's song exactly like him. The situation is that this video is going viral very fast on social media. Fans are also liking and commenting a lot on this video. 'Loot Put Gaya' is popular on YouTube - The craze of 'Loot Put Gaya' song from Shah Rukh Khan's 'Dinky' can be easily estimated from the views received by this song on YouTube. After a month of release, 'Lut Putt Gaya' has received around 80 million views on YouTube, while 998K people have liked the song. Overall, 'Lut Put Gaya' has become a chartbuster song.